“बच्चें महत्वपूर्ण है” द्वारा सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम

शिक्षक पुस्तिका

यूनिट 2

टाइम मशीन

शिक्षक पुस्तिका

सभी उम्र के लिए

टाइम मशीन

यीशु के पदचिन्हों पर चलते हुए!

“बच्चें महत्वपूर्ण है” द्वारा सन्डे स्कूल पाठ्यक्रम

शिक्षक पुस्तिका

सभी उम्र के लिए

यूनिट 2: पाठ 1-13

Web:www.ChildrenAreImportant.com/machine/

सम्पूर्ण "बच्चें महत्वपूर्ण है" टीम को धन्यवाद!

संपादक और रचनात्मक टीम लीडरः Flor Boldo

संस्थापकः Dwight y Kristina Krauss

लेखकः Suzanna Kangas (Suki)

रचनात्मक टीमः : Jennifer Sánchez, Areli Salinas, Ramón Martínez, Marlon Hernández.

डिजाइनरः Julio Sánchez

डिजाइन सुपरवाइजरः Suzanna Kangas (Suki)

सलाहकारः Mike y Vickie Kangas

ग्राफिक इलुस्ट्रेशन्सः Lindy & Friends in collaboration with NosrettepArt

www.lindyandfriends.com

Linda P. Romero

फैनपेज प्रबंधकः Verónica Toj

परिचय

बाइबल स्कूल, 'टाइम मशीन' यूनिट 2 में आपका स्वागत है!

न्याय टीम यीशु के जीवन के बारे में जानने के लिए भूतकाल की यात्रा करने के लिए टाइम मशीन का उपयोग करती है,सबके साथ बाँटती है कि उन्होंने क्या सीखा और यीशु के कार्यों से इस टीम के जीवन और आधुनिक समाज में क्या प्रभाव पड़ता है। इस पुस्तिका में हमारे बच्चे "न्याय" खंड में जो कुछ भी उन्होंने सीखा है उसे समझते हुए अपने जीवन में लागू कर सकेंगे,जो कि मुख्य पाठ पर आधारित एक आधुनिक अमलीकरण है। उदाहरण के लिएः सभी लोगों को परमेश्वर की रचना के रूप में देखना। "गृहकार्य" खंड बच्चों को उनके दैनिक जीवन में जो कुछ सीखा है,उसका अभ्यास करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिएः यदि कोई आपको चोट पहुंचाता है या आपको धोखा देता है,तो झगड़ा न करें। बल्कि,शांत रहें और उनके लिए प्रार्थना करें,परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह आपको शांति दें। अपने संडे स्कूल के शिक्षकों से इस बारे में बात करें कि आपको कैसा महसूस होता है। "जीवनी" खंड बच्चों को अलग अलग व्यवसायों के बारे में सिखाता है और यह भी कि वे समाज को कैसे लाभ पहुंचाते हैं,जैसे कि न्यायाधीश,मिशनरी और व्यापारी,और इनकी तरह कई अलग अलग कार्य। इस खंड के कुछ व्यवसायों को विभिन्न देशों में एक नकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जाता है,क्योंकि कुछ लोग उनके पदों की शक्ति का दुरुपयोग करते हैं। यह आपके लिए सुनहरा अवसर है कि आप बच्चों को सही निर्णय और कार्य करने का सही तरीका सिखाएँ या बता सके कि यीशु उस स्थिति में होते तो क्या करते। कौन जानता है? हो सकता हैं कि आपकी कक्षा का कोई विद्यार्थी वयस्क होकर उस व्यवसाय को करने लगे और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने के बजाय दूसरों की भलाई के लिए सही काम कर सके। वे अपने समुदायों में या राष्ट्र में यीशु के लिए एक ज्योति के रूप में चमक सकते हैं।

साथ ही,बच्चों को एक मजेदार नाटक,एक खेल और विद्यार्थी पुस्तकों में पहेलियों को हल करने में काफी मजा आएगा। किशोर प्रश्नोत्तर भाग में अपने विचारों को रख सकने में सक्षम होंगे,जहां पर एक सही उत्तर देना उद्देश्य नहीं है,बल्कि उनके लिए यीशु के जीवन को अपने स्वयं के जीवन में लागू करना है। हर हफ्ते एक नया कार्ड इकट्ठा करके ज्यादा से ज्यादा कक्षा में उपस्थित होने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाता है।

शिक्षकों, हमें विश्वास है कि परमेश्वर प्रत्येक अध्याय के द्वारा आपके जीवन और आपके विद्यार्थियों के जीवनों से बात करेंगे,वह दुनिया को बदलना चाहते हैं,और अगली पीढ़ी को

प्रशिक्षित करने से कोई और बेहतर तरीका नहीं है! कल्पना कीजिए कि आपके समुदाय में क्या परिवर्तन होगा जब परमेश्वर आपके बच्चों के दिलों में काम करते हैं और बिना किसी शोषण के साथ उन्हें दूसरों के करीब पहुँचने में मदद करते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि बच्चों को प्रशिक्षित करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में उनकी सेवा करने के लिए परमेश्वर आपको बहुतायत से आशीष प्रदान करें।

मसीह के प्रेम के साथ,

16“बच्चें महत्वपूर्ण है”रचनात्मक टीम की ओर से

अवलोकन

1 **यीशु की तरह देखभाल करना**

4000 लोगों को खिलाना: मत्ती 15:**29-38**

याकूब 2:15 -16

2 **सबके लिए मुफ्त**

कुएँ पर स्त्री: यूहन्ना 4:4-15

रोमियों 12:16

3 **सबसे सर्वश्रेष्ठ**

धनवान युवा अधिकारीः मरकुस 10:17-27

मरकुस 8:35

4 **यीशु के निर्देशों का पालन करना**

यीशु ने 10 कोढ़ियों को चंगा कियाः लूका 17:11-19

फिलिप्पियों 4:6

5 **यीशु की तरह नम्र बनें**

यीशु ने अपने चेलों के पैर धोये: यूहन्ना 13:3- 17

फिलिप्पियों 2:3- 4

6 **यीशु के समान उत्साही**

यीशु ने चैकियाँ पलट दीं: मरकुस 11:15-17 (यूहन्ना 2:13-17)

मत्ती 23:13

7 **यीशु के हृदय का प्रकट होना**

गतसमनी का बगीचाः मत्ती 26:36-39, 47 - 54

लूका : 6:27

8 **अन्याय!**

यीशु का मुकद्दमा : मरकुस 14:57-65, 15:1-15

यशायाह 53.9

9 **मृत्यु में जीवन**

यीशु का क्रूस पर चढ़ाया जाना : मत्ती 27:27-31, 45-54

यशायाह 53:5

10 **डाकू का उद्धार**

क्रूस पर चोरः लूका **23:32-33**, **39-43**

रोमियों 10:11

11 **सबसे बुरा दिन सबसे अच्छा दिन बन गया**

यीशु का पुनरुत्थान : मत्ती 27:57-61, 28:1-10, लूका 24:36-48

इब्रानियों **11:1**

12 **असाधारण विश्वासी**

शाऊल विश्वास करता हैः प्रेरितों के काम 9:1-20

प्रेरितों 1:8

13 **क्या मैं भी आ सकता हूं?**

पतरस ने उद्धार का उपदेश दियाः प्रेरितों के काम 2:1-14, 36-40

यूहन्ना 3:16

इस सामग्री का इस्तेमाल कैसे करें

नाटक (भाग 1)

प्रत्येक नाटक में,"न्याय टीम"यीशु के जीवन का हिस्सा देखने के लिए पीछे के समय पर जाती है, जहां टीम के सदस्य एक समानांतर पाठ को सीखते हैं और फिर वे इसे अपने आधुनिक जीवन में लागू करते हैं। प्रत्येक नाटक का एक भाग मुख्य पाठ से पहले लिखा गया है,जहाँ वे समय में पीछे की ओर जाते हैं,और प्रत्येक नाटक का दूसरा भाग मुख्य पाठ के बाद आता है,जबकि सारे पात्र वापस लौट आते हैं और जो उन्होंने सीखा है उसपर अमल करते हैं।

नाटकों को 3 पात्रों के लिए तैयार किए गए हैं: अगुवा,खोज करने वाली (जांचकर्ता) और एक एजेंट। अन्य दो पात्र,एक मैकेनिक और एक तकनीशियन,भी आप जोड़ सकते हैं अगर आपके पास अधिक विद्यार्थी हो।

अगुवा, जांचकर्ता, एजेंट, मैकेनिक, तकनीशियन।

मुख्य पाठ

शुरुआती नाटक के बाद मुख्य पाठ आता है। बाइबल की कहानियों को पूरी तरह से पाठ में नहीं लिखा गया हैं, इसलिए कृपया बाइबल से पूरी कहानी को पढ़ना न भूलें।

नाटक (भाग 2)

मुख्य पाठ के बाद, नाटक के दूसरे भाग को पूरा करें, जहाँ टीम ने जो कुछ भी सीखा हैं उसके द्वारा अपनी समस्या का हल करते हैं।

लिंकःhttps://www.youtube.com/watch?v=29oPA594_1s

न्याय

विद्यार्थी पुस्तकों में पहेलियों का हल करते हुए, या नाश्ता खाते समय, मुख्य पाठ के साथ इस छोटे विभाग की भी समीक्षा करें।

जीवनी

जीवनी विभाग बच्चों को विभिन्न व्यवसायों के बारे में सिखाता है और यह भी कि वे कैसे समाज को लाभ पहुंचा सकते हैं, जैसे पास्टर, वकील, वैज्ञानिक और पुलिसकर्मी। इस विभाग के कुछ व्यवसायों को अलग अलग देशों में ऐसे लोगों के कारण एक नकारात्मक प्रकाश में देखा जाता है जो अपने पदों के अधिकार का दुरुपयोग करते हैं। यह बच्चों को यह सिखाने का सुनहरा अवसर है कि किसी को उस पद में रहते हुए क्या करना चाहिए या यीशु उस स्थिति में क्या करते। कौन जानता है? शायद आपकी कक्षा का कोई एक विद्यार्थी बड़ा होकर उस व्यवसाय में लग जाए, और वे अपने अधिकार या पद का दुरुपयोग करने की बजाय दूसरों की भलाई के लिए सही काम करे। वे अपने समुदायों में या देश में यीशु के लिए एक रोशनी के रूप में चमक सकते हैं।

शुरुआत में कोई छोटा सा खेल खेलकर इसे और मजेदार बनाएं। किसी को व्यवसाय का अभिनय करने को कहें और सभी बच्चों को इसका अनुमान लगाने को कहें।

समय सांरणी

आरंभ करें

- स्वागत
- गाना

नाटक और पाठ

- नाटक भाग 1
- पाठ
- नाटक भाग 2

गतिविधियां

अन्य गतिविधियाँ, जैसे कि विद्यार्थी की पुस्तक या नाश्ता करते समय जीवनी और न्याय विभाग को करें।

- याद करने की आयत
- विद्यार्थी पुस्तकें
- प्रश्न और उत्तर (बड़े विद्यार्थियों के लिए)
- खेल (वैकल्पिक)

समाप्त करें

- गृहकार्य
- उपस्थिति कार्ड

याद करने की आयत

प्रत्येक याद करने की आयत पाठ पर आधारित होती है। याद करने के तरीके को मजेदार बनाने के लिए कुछ खेल या गतिविधि को खोजने पर विचार करें।

लिंक:http://www.childrenareimportant.com/myCMU/series/series-memory-verse-games.php

विद्यार्थी पुस्तकें

बच्चों को विद्यार्थी पुस्तकों में से पहेली को हल करना काफी पसंद आएगा। शब्द खोजने और चित्रों पर रंग भरना प्रत्येक पाठ का मजा कई गुणा बढ़ाता है। शब्द खोजो खेल में से अलग

अलग शब्दों पर चर्चा भी करें, जैसे मूल्य, नम्रता और न्याय और विद्यार्थी से पूछें कि उन शब्दों का क्या अर्थ है।

प्रश्न और उत्तर (बड़े विद्यार्थियों के लिए)

वयस्क दुनिया में जीवन बडा जटिल होता है। क्या हमें अच्छा नहीं लगता, अगर कोई व्यक्ति हमेशा हमें मुश्किल समस्याओं का हल देने के लिए हमारे साथ होता? लेकिन अक्सर ऐसा नहीं होता है, और हमें अपने स्वयं के निष्कर्ष पर आना पड़ता है जितना हम कर सकते हैं। बड़े विद्यार्थी भी वयस्कता के करीब पहुंच रहे हैं। अगर हम संडे स्कूल में उन्हें हर चीज के लिए "सही उत्तर" बताते रहें और कठिन सवालों से बचते रहें, तो यह उन्हें अप्रशिक्षित और खुद के लिए बाइबल से उत्तर खोजने और उनके विषय में सोचने में असमर्थ छोड़ देता है। यह उन्हें दुविधा में ले जाएगा और वे भटक जाएंगे जब इन कठिन सवालों का सामना अपने जीवन में करते हैं और कॉलेज के प्रोफेसरों और शिक्षकों से केवल सांसारिक उत्तर ही पाते हैं। इसके बजाय, बड़े विद्यार्थियों को गंभीरता से सोचने का अभ्यास करने में मदद करने के लिए इस विभाग का उपयोग करें। बड़े विद्यार्थियों के बीच चर्चा शुरू करें। उन्हें "सही उत्तर" न बताएं बल्कि प्यार से उन्हें अपने स्वयं के अच्छे निष्कर्ष पर आने के लिए अगुवाई दें। हमने शिक्षकों की एक कुंजी के रूप में इन कठिन सवालों के कुछ उत्तर प्रदान किए हैं।

खेल

विद्यार्थियों के साथ एक खेल खेलें! बच्चों के लिए खेल बहुत महत्वपूर्ण हैं, जिससे उन्हें सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। साथ ही, वे मजेदार होते हैं! यह और अधिक बच्चों को यीशु के पास आने और उनके बारे में सुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक महान तरीका है, जब उनके सभी दोस्त उन्हें आपके मजेदार कक्षा में आमंत्रित करते हैं।

गृह कार्य

पवित्रशास्त्र कहता है कि यदि हम परमेश्वर का वचन सुनते हैं लेकिन इसे व्यवहार में नहीं लाते हैं तो इससे हमें कोई फायदा नहीं है (याकूब 1:22-25)। जो उन्होंने सीखा है उनसे बच्चों को अपने दैनिक जीवन में परमेश्वर के वचन को लागू करने के लिए प्रशिक्षित करें। उन बच्चों को एक चोकलेट या छोटे पुरस्कार के साथ पुरस्कृत करने के लिए कुछ समय अलग करें, जिन्होंने पिछले हफ्ते अपने गृहकार्य को पूरा किया था।

कार्ड

उपस्थिति के लिए पुरस्कार के रूप में इन कार्डों का उपयोग करें। हर एक कार्ड के सामने एक मजेदार डिजाइन बना है और उसके पीछे की तरफ याद करने की आयत है।

यीशु की तरह देखभाल करना

01

4000 लोगों को खिलाना: मत्ती 15:29-38

नाटक (भाग 1)

जांचकर्ता ने इस सप्ताह, प्रत्येक दिन किसी जरूरतमंद व्यक्ति को सड़क पर देखा, जो दुबला पतला, भूखा और मैला दिख रहा था। उसने अपने समूह के दूसरे सदस्यों, अगुवे और एजेंट को उस व्यक्ति के बारे में बताया और कैसे वह उस व्यक्ति के लिए पूरे सप्ताह प्रार्थना करती रही थी। उनको लगा कि यह एक अच्छा विचार है। वे उस टाइम मशीन में चढ़े, और यदि संभव हो तो, वे टाइम मशीन को हिलाते हैं और मशीनी आवाजें उत्पन्न करेंगे जैसे वह यंत्र जो उन्हें कथित रूप से, पाठ के दौरान समय में पीछे की ओर भेज देगा।

पाठ

एक बड़ी भीड़ यीशु को शिक्षा देते हुए सुनने के लिए उसके पीछे चल रही थी। वे यीशु को सुनते और आश्चर्यकर्म करते देखते हुए इतने खो गए, कि उन्होंने खाना तक नहीं खाया और वे सभी बहुत भूखे थे। यीशु को उनके प्रति काफी तरस आया।

पढ़ें मत्ती 15:29-38

केवल अपने हृदय में उनके प्रति तरस को अनुभव करने से ही उस भीड़ की भूख नहीं मिट सकती थी। यीशु अपनी भावनाओं को कार्य रूप में ले आए और एक आश्चर्यकर्म करके 4000 लोगों को सात रोटी और कुछ मछलियाँ के द्वारा उनको भरपेट खाना खिलाया। सब लोग खाकर तृप्त हुए! यीशु ने कम नहीं, बल्कि काफी अधिक उपलब्ध कराया, उसने आवश्यकता से अधिक बनाकर दिया।

क्या आप ऐसे लोगों को जानते हैं जिनके प्रति आपके हृदय में तरस की भावना आई है? ऐसे लोग जिनके पास आपसे कम है, या जिन्हें किसी प्रकार से पीड़ित किया जा रहा है? यीशु के जैसे किसी व्यक्ति के लिए वास्तविक तरस या सहानुभूति होना सदा कार्य करने में अगुवाई करता है। इसलिए आप जाओ और इसके लिए कुछ करो!

दुनिया की कई समस्याएं बहुत बड़ी हैं और हम सोचते हैं, "मैं उसके लिए कुछ नहीं कर सकता"। लेकिन हम सदा एक किसी न किसी व्यक्ति की सहायता कर सकते हैं। वह थोडा सा प्रेम उनको देकर जो यीशु हमें देता है हम उनकी मददकर सकते हैं और यह हमें कितना संतुष्ट करता है।

याद करने की आयत

याकूब 2:15-16 " मान लीजिए कि किसी भाई या बहिन के पास न पहनने के कपड़े हों और न दैनिक भोजन। 16यदि आप लोगों में से कोई उन से कहे, "शांति से जाइए, गरम-गरम कपड़े पहनिए और भर पेट खाइए", किन्तु वह उन्हें शरीर के लिए आवश्यक वस्तुएँ नहीं दे, तो इस से क्या लाभ?"

नाटक (भाग 2)

मुख्य पाठ के पश्चात, समूह वापस वर्तमान समय में आ जाता है और टाइम मशीन से बाहर निकलता है। यह देखकर वे सब चकित रह जाते हैं, कि कैसे यीशु ने रोटी और मछलियों को इतने सारे लोगों के लिए बढ़ाकर खिला दिया। यहाँ तक कि उन्हें झाड़ियों के पीछे गिरे कुछ टुकड़े खाने को मिल गए थे (इसलिए कि वे अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे थे कि किसी को न दिखें ताकि इससे वे समय के अंतराल में कोई रूकावट न पैदा करे)। जांचकर्ता समूह को बताता है कि कैसे यीशु ने न केवल भूखे लोगों के प्रति तरस का अनुभव किया और प्रार्थना की, बल्कि उसने उन्हें खिलाया भी। उसे अहसास हुआ कि उसे भी उस जरूरतमंद व्यक्ति के प्रति कुछ करना चाहिए जिसे वह रास्ते पर हर दिन देखती है। वे अलग अलग विचारों केा सोचते हैं कि कैसे उसकी मदद करें, जैसे घर से एक सैंडविच लेकर आना, या आस-पास एक सेवा दल को ढूंढना जिससे वह उस व्यक्ति का परिचय करा सके, और साथ ही उस व्यक्ति के लिए निरंतर प्रार्थना करते रहना।

न्याय

यीशु ने वास्तव में अन्य लोगों की देख-भाल की। उसने उस भूखी भीड़ पर तरस खाई और उनको खाना भी खिलाया। हमें भी सदा उदार होने के लिए इच्छुक होना चाहिए और दूसरों के लिए मदद उपलब्ध कराना चाहिए।



जीवनी (स्वामी)

स्वामी किसी संस्था के एक भाग का या उन सब दलों का एक अधिकारी होता है जो कार्यों को पूरा करने के लिए साथ में काम करता है ताकि वे किसी लक्ष्य को प्राप्त कर सकें और उन पर निगरानी रखता है। बाइबल में ऐसे लोगों के कई उदाहरण दिए गये हैं जैसे कि राजाओं से लेकर संगीत निर्देशक तक, राज्यपाल, और परियोजना प्रबंधकों तक के बहुत से उदाहरण मौजूद हैं।

जिम्मेदारियाँ : एक स्वामी को संस्था के उद्देश्यों को समझना चाहिए और अपने दल को उन उद्देश्यों को पाने के लिए अगुवाई करनी चाहिए। स्वामी का काम यह सुनिश्चित करना है कि

सब मिलजुल कर अच्छी कार्य व्यवस्था के साथ काम करें, और यह देखना कि कोई भी आपको अपने लक्षित परिणाम को पाने में रोक नहीं रहा है। स्वामी का काम है कि अपने संगठन के नाम और प्रतिष्ठा को संरक्षित रखना, इसके साथ ही अपने व्यापार या कार्य को अलग-अलग दिशाओं में भटकने से बचाना।

अवसरः एक स्वामी हमारे महान राजा यीशु से सीख सकता है कि कैसे एक सेवक अगुवा बनना चाहिए।

एक महान स्वामी अपने कर्मचारियों पर हावी नहीं होगा परन्तु उनकी सेवा करेगा। एक स्वामी के पास अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करके उन्हें ऊँचा करने का, दूसरों के सामने उनको श्रेय देने का, उनके योगदान और अच्छे काम को पहचानने, अपने कर्मचारियों के अच्छे विचारों को वास्तविक होने में मदद करने का अनोखा अवसर होता है।

एक सेवा प्रबंधक अपने समूह को उन रास्तों पर जाने से बचाने का कार्य करेगा जो उन्हें असफलता की ओर ले जा सकते हैं और अपने कर्मचारियों का मार्गदर्शन, पारस्परिक नाटक के द्वारा करेगा, कभी कभी दूसरों की भलाई के लिए कठिन निर्णय भी लेगा। एक स्वामी अपने कर्मचारियों को उपकरण, प्रशिक्षण और प्रेरणा प्रदान करने का काम करता है ताकि वे अपने कार्यों को अच्छे से कर सकें। उसके साथ ही वह उन्हें आगे बढ़ने के और नए कौशल विकसित करने के अवसर देता है, वह सदा अपने कर्मचारियों में उनके प्राकृतिक प्रतिभा ढूंढ़ने और उनकी प्रतिभाओं को सुधारने के लिए प्रोत्साहित करने का काम भी करता है।

प्रश्न और उत्तर

1. मैं कभी-कभी परमेश्वर की बातों से क्यों सहज महसूस नहीं कर पाता?

कई बार, हमें अपने दोस्तों द्वारा अच्छा महसूस करवाए जाने की आदत हो जाती है और फिरउनके समर्थन या स्वीकृति के बिना हम कहीं भी बैचेन हो जाते हैं। याद रखें कि वचन हमें 2 तीमुथियुस 2:15 में क्या सिखाता है (इसे जोर से पढ़ें) यदि आप अपने दोस्तों के बजाय परमेश्वर की स्वीकृति का अनुभव करना शुरू करते हैं तो यह बहुत अच्छा होगा, और जितना अधिक आप वचन को पढ़ते हैं और इसका अभ्यास करते हैं, यह आपकी भविष्य में मदद करेगा। यह दृष्टिकोण में भी बदलाव लाता है।

2. आप अपने माता-पिता और अधिकारियों के प्रति दया कैसे दिखा सकते हैं?

परमेश्वर इस बात की बहुत सराहना करते हैं कि हम अपने माता-पिता के अधीन रहते हैं, यह पहली ऐसी आज्ञा है जिसमें एक वायदा भी है। यदि आप वास्तव में अपने दृष्टिकोण को बदलना चाहते हैं जो आपके माता-पिता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, तो सिर्फ एक पल के लिए यह सोचें कि हमने ऐसा क्यों किया है, ऐसा क्यों है कि मैं अन्य लोगों के लिए दया दिखा सकता हूं लेकिन अपने माता-पिता के लिए नहीं? यह बदलाव के लिए विनम्रता पूर्वक लिया एक

व्यक्तिगत निर्णय है, अगर हम उन क्षेत्रों को परमेश्वर को देते हैं, तो हम बदल पाएंगे और हम अपने बांटे गए समय का और अधिक आनंद लें पाएंगे।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

र	त	उ	त्पी	ड़ि	त	ना	ली	र	त	द	भी	त
ना	यी	यां	र	ली	स	भा	यां	स	ना	रो	स	ड़
च	ली	शु	द	त	ना	व	त	र	ली	टि	ना	ली
म	द	त	ना	म	र	ना	द	स	भू	यां	द	र
त्का	र	यां	स	ली	स	ना	म	ख	छ	स	म	त
र	ली	र	म	म	त	द	र	यां	स	त	द	ना
यां	उ	ना	द	ली	स्था	स	म	छ	ली	द	द	त
त	यां	दा	यां	त	म	ना	द	यां	ना	र	ली	र
र	ली	म	र	म	ना	र	त	न	द	द	त	स
ना	द	त	ना	यां	ली	च	म	त्का	र	यां	या	ना
र	खि	ला	ना	यां	त	यां	र	ली	त	प्रे	म	र

वाक्यों को पूरा करने के लिए सूची में से किसी एक शब्द का इस्तेमाल करें। बिना उपयोगी शब्दों पर एक एक्स (X) का निशान लगाओ।

4000 रोटी चट्टानें खिलाया तरस

गुस्सा मछली समय भीड़ *100*

मुझे नहीं पता था ...

एक बड़ी ___भीड़___ यीशु के पीछे हो ली।
यीशु ने ___4000___ की सात रोटियां और कुछ ___मछली___ के साथ ___रोटी___ लोगों को खिलाया।
यीशु की भीड़ पर ___तरस___ खाया और उन्हें ___खिलाया___।



खेल

अपने शरीर से अभिवादन करना

शिक्षक बच्चों को समान संख्या के साथ दो घेरे बनाने के लिए आमंत्रित करता है, जो एक दूसरे के भीतर हों और दोनों घेरोंको एक दूसरे के सामनेहोने के लिए कहता है। उन्हें एक-दूसरे पर हाथ लहराने और अपना नाम कह कर अपनी पसंद या नापसंद बताने के किए कहता है। शिक्षक इस तरह घेरों को विपरीत दिशाओं में घुमाने के लिए संकेत देता है,जिससे जब संकेत बंद हो जाता है,तो प्रत्येक बच्चा दूसरे के सामने हो। शिक्षक उन्हें एक-दूसरे को अपने हाथ दिखने के लिए कहता है, जिससे वे अपना नाम बताकर अपना परिचय दे सकते हैं और अन्य प्रश्न पूछ सकते है। उदाहरण के लिए, आपने सप्ताह के अंत में क्या किया? आपको मीटिंग के बारे में सबसे अधिक क्या पसंद है? अब वे फिर से मुड़ते हैं और इस बार वे अपने पैरों,फिर अपनी कोहनी, कंधे, आदि को लहराते हैं।

गृहकार्य

अपने स्कूल से या पड़ोस से एक सहपाठी को चुनें, जो किसी जरूरत में हो। यदि यह उचित है, तो अपने माता-पिता से उसके लिए फल, अनाज, या कुछ खाने के लिए लाने के लिए कहें -जो उसके और उसके परिवार के लिए पर्याप्त हो। अपने बैग में बांटने के लिए अतिरिक्त भोजन ले जाएं। याद रखें कि आप अपने स्कूल में सफाई करने वाले व्यक्ति के साथ भी ऐसा कर सकते हैं।

सबके लिए मुफ़्त

02

कुएँ पर स्त्री: यूहन्ना 4:4-15

नाटक (भाग 1)

जांचकर्ता हाल ही में शहर के दूसरी ओर किसी से मिली थी। उसने टीम को बताया कि कैसे इस नए दोस्त के विचार उससे अलग हैं। कुछ चीजें जिनकी वह चिंता करती थी ऐसा लगता था उसके दोस्त पर असर नहीं करती थीं, परन्तु कुछ जो उसके लिए बहुत आवश्यक नहीं होता था वह उसके दोस्त को बहुत अधिक चिंतित कर देता था। उसके नए दोस्त की व्यक्तिगत स्वच्छता कैसी होनी चाहिए इस पर एक बहुत अलग विचार था। वह यीशु के बारे में अपने दोस्त से बात करना चाहती है परन्तु नहीं जानती कि कैसे करे। वे यीशु को किसी ऐसे जन से पारस्परिक बातचीत करते हुए देखने के लिए समय में पीछे की ओर जाते हैं, जो उससे बहुत अलग था।

पाठ

यहूदी और सामरी दुश्मन थे जिनकी समानताएँ काफी मिलती जुलती थी लेकिन वे उन्हें स्वीकार नहीं करते थे। वे समान पूर्वजों से सम्बन्धित थे, और वे सब कम से कम बाइबल की पहली पाँच पुस्तकों पर विश्वास करते थे। और इसके अतिरिक्त, वे सब परमेश्वर के द्वारा रचे हुए लोग थे! परन्तु वे साथ नहीं चल सके, क्योंकि अधिकतर लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया हुआ था। हम वास्तव में नहीं जानते कि ऐसा क्यों है? इस तरह से भेदभाव कार्य करता है।

लेकिन यीशु सब से प्रेम करते हैं और उसने उस सामरी स्त्री से बात करने में संकोच नहीं किया। वह इस बात से भी नहीं डरा था कि लोग इसके बारे में क्या कहेंगे।

पढ़ें यूहन्ना 4:4 -15

यह कहानी भौतिक पानी की नहीं है। कहानी में, यीशु को वह पानी कभी नहीं मिला जो उसने माँगा था। उसे मिला होगा, परन्तु वह इस कहानी के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। यीशु इस स्त्री को जो जीवन का जल दे रहा था, वह महत्वपूर्ण था। यीशु उद्धार के बारे में बात कर रहा था और उस संतृप्त जीवन के बारे में जो हमें यीशु से मिल सकता है, और जिसे वह सब को प्रदान करता है।

क्या आप उस प्रकार का जीवन चाहते हो? क्या आप कभी प्यासे नहीं हुए और निरंतर अधिक पाने की इच्छा से मुक्त हो? कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हो, यीशु आप को यह प्रदान कर रहा है!!!

याद करने की आयत

रोमियों 12:16 " आपस में मेल-मिलाप का भाव बनाये रखें। घमण्डी न बनें, बल्कि दीन-दु:खियों से मिलते-जुलते रहें। अपने आप को बुद्धिमान् न समझें।"

नाटक (भाग 2)

जब वे वापस आते हैं, तो वे उत्साह के साथ जो उन्होंने देखा था, उसके बारे में बात करते हैं, कि कैसे यीशु ने उस स्त्री से बात की जो फिर पूरे शहर को यीशु को देखने के लिए वहां लेकर आई। तब उन्होंने अनुभव किया कि यीशु का जीवन के जल का मुफ्त उपहार सब के लिए है, जिसमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कौन हैं या वे कहाँ से आए हैं। जांचकर्ता प्रोत्साहित हुई कि वह अपने नए दोस्त से यीशु के बारे में बाँट सकती है और वह अगली बार ऐसा करने के लिए योजना बनाती है।

न्याय

यीशु उन लोगों से बात करने में नहीं डरता था जिन्हें संसार ने ठुकरा दिया हो। यीशु के जैसे बनें, और किसी ऐसे व्यक्ति से बातचीत करो जिससे आप उनके सामाजिक -स्तर के कारण सामान्य रूप से बात नहीं करना चाहते हो।

जीवनी (गृहणी)



जो स्त्री घर का काम करती है उसे गृहणी कहते हैं। यह उस व्यक्ति के बारे में है जो ऐसे कार्यों के विकास की देख- रेख करती है जो एक घर को प्रत्येक दिन चलाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

जिम्मेदारियाँ: एक गृहणी अपने घर को साफ रखने के लिए, कपडे धोने, खाना बनाने, बाजार से सामान लाने के लिए और अगर उसके पास बच्चे हैं, तो विभिन्न प्रकार के कार्यों के बीच वह उनकी देख- भाल करती है और पढ़ने में उनकी मदद करती है। इतनी जिम्मेदारियों के होने के बावजूद, उसे उसके कार्यों के लिए उनकी तरह कोई आमदनी नहीं मिलती, जिनके पास नौकरी होती है या जो घर से बाहर कार्य करने जाते हैं।

अवसर: एक स्त्री जो घर में बच्चों के साथ रहती है वह अपने छोटे बच्चों की योग्यताएं और क्षमताएं काफी विकसित कर सकती है; उन्हें जीवन के मूल्य, सिद्धांत और परमेश्वर का वचन सिखा सकती है। यह उन जीवनों पर जो अभी विकसित हो रहे हैं, प्रभाव डालने का एक महान अवसर होता है।

हर समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हम पुरुष और स्त्री होने से पहले एक इंसान हैं, कि हम दोनों घर पर अलग अलग कार्यों को उन क्षमताओं के साथ जो परमेश्वर ने हमें दीं हैं,

जिम्मेदारी के साथ कर सकते हैं। हमें केवल अपने आप पर भरोसा करना होगा और हमारे जीवन के लिए परमेश्वर के उद्देश्य को प्राप्त करना होगा।

प्रश्न और उत्तर

1. मैं उन लोगों के साथ बेहतर संबंध कैसे रख सकता हूं जिन्हें मैं पसंद नहीं करता?

हालांकि हमें लगता है कि यह मुश्किल है, लेकिन जिन्हें हम पसंद नहीं करते उनके साथ मिलना उतना मुश्किल नहीं है। कई बार, हम किसी को सिर्फ इसलिए पसंद नहीं करते क्योंकि हमारे दोस्त उन्हें पसंद नहीं करते हैं, लेकिन हमने उस व्यक्ति को जानने का प्रयास नहीं किया है। यह आपके लिए एक अंतर को दिखाने का अवसर है।

2. क्या हो यदि मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संगति रखता हूं जिसकी कोई खास प्रसिद्धि नहीं है?

इतिहास में हमें सामरी स्त्री के बारे में बताया जाता है, एक ऐसी स्त्री जिसका नाम अज्ञात है, लेकिन उसकी प्रसिद्धि ज्ञात है। हालाँकि, यह यीशु के लिए कोई बहाना नहीं था कि वह उसके साथ उद्धार की योजना को न बांटे। जिस तरह हमारे साथ भी ऐसा होता है, हम भी किसी के पास इसलिए नहीं जाना चाहते हैं क्योंकि दूसरे हमारे बारे में क्या कहेंगे, एक व्यक्ति कोपहला कदम उठाना चाहिए और ऐसे लोगों से संपर्क करना चाहिए जिन्हें अन्य लोग संपर्क नहीं करना चाहेंगे; तब हमें बड़ा आश्चर्य मिल सकता है।

3. क्या मुझे यीशु की हर बात का अनुसरण करना चाहिए?

अक्सर, वह जो कार्य करता है, वे ऐसे होते हैं, जो हमें निर्देशित करते हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि हमें ठीक उसी तरह से काम करना चाहिए जैसे उसने किया था, लेकिन हम अपने व्यवहार में निर्णय लेने में सक्षम हैं जिसके संदर्भ दिए गए हैं। पौलुस हमें उसका अनुसरण करने के लिए उत्साहित करता है, जैसे वह मसीह का अनुसरण करता है (1 कुरिन्थियों 11:1), कई पदों में से जिसके विषय में हम उल्लेख कर सकते हैं, मुझे फिलिप्पियों 2:3-8 पसंद है, हमें बिना किसी खुद के लाभ के दूसरों का भला करने का मनोभाव रखना चाहिए।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

ड	ली	इ	त	बा	लो	यां	ति	बा	इ	ति	अ	दु
ति	र	बा	अ	ति	इ	ग	त	यां	ति	र	त	श्म
बा	यां	क	इ	ब	ली	बा	क	अ	ली	स्का	बा	न
त	ली	अ	यां	ति	अ	त	क	उ	क	र	इ	ली
इ	बा	यी	त	यां	हा	यां	ति	द्धा	यां	ति	यां	क
म	यां	क	शु	ति	अ	स	क	र	इ	त	ली	अ
हि	त	बा	इ	ली	सं	क	त	बा	ति	बा	यां	न्या
ला	अ	ति	प्या	अ	बा	सा	क	अ	यां	इ	क	य
इ	ली	सा	यां	त	क	यां	र	ति	च्छा	यां	ति	इ
त	यां	अ	बा	इ	बा	ति	अ	त	बा	अ	त	ली
सा	म	री	ति	ली	इ	बा	त	ची	त	क	र	ना

बाइबल की कहानी के अनुसार सवालों के जवाब दीजिए।



खेल

भाव से व्यक्त और अभिवादन करना

पूरे समूह से एक गोल घेरा बनवाएं। एक व्यक्ति इशारा करते हुए, कूदते हुए, अभिवादन करते हुए, नृत्य करते हुए आदि के साथ अपने नाम को बताते हुए खेल को शुरू करता है और सभी उसे दोहराते हैं। इसे तब तक करते रहें जब तक सभी अपने नाम को इशारे से न कह लें और पूरा समूह इसे न दोहरा लें।

गृहकार्य

अपने स्कूल के कमरे में एक ऐसे लड़के या लड़की से, या परदेशी लड़के या किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के साथ बातचीत करें जिसे किसी प्रकार की समस्या हो। किसी प्रकार का भेदभाव आपको दूर रखने की अनुमति न दें। उसे सुबह नमस्कार करें या उससे पूछें कि उसका दिन कैसा था। यदि आप में साहस हो, तो अपने भोजन में से कुछ उसके साथ बांटें और अगर उनकी प्रतिक्रिया नकारात्मक हो तो आश्चर्यचकित न हों। सप्ताह के दौरान इसकी कोशिश करें और फिर अपने संडे स्कूल शिक्षक से बात करके उन्हें बताएं कि क्या हुआ था।

सबसे सर्वश्रेष्ठ

03

धनवान युवा अधिकारी: मरकुस 10:17-27

नाटक (भाग 1)

एजेंट कुछ ऐसी बात को साझा करता है जो उसे कुछ समय से परेशान कर रहा था। उसका एक पसंदीदा वीडियो गेम है जिसे वह जब कभी उसे मौका मिलता है, खेलता है। यह इतना अधिक मजेदार है कि वह उसे घंटों तक खेल सकता है, और वह इसमें बहुत अच्छा होता जा रहा है और बड़ी से बड़ी लड़ाई जीत सकता है, और उसके पास बहुत सी ट्राफी, और विशेष चीजों का बहुत बड़ा संग्रह है जिसमें से कुछ, बहुत दुर्लभ हैं। परन्तु अभी कुछ समय से यह खेल उसे परेशान कर रहा था क्योंकि खेल में कुछ ढंग और कुछ बुराईयाँ भी हैं जो वह अपने हृदय में जानता है कि वह गलत हैं। लेकिन वह ऐसा दिखता था जैसे कोई बिना नुकसान का मनोरंजन हो। वह फिर भी अपने स्कूल के कार्य और घर का काम समाप्त करने में सफल होता था। अब वह केवल अपने खाली समय में खेलता था। समूह थोडा उलझा हुआ था कि उसे क्या करना चाहिए। वे विचार करते हैं कि क्या समय में पीछे जाकर वे कुछ सीख सकते हैं।

पाठ

परमेश्वर नहीं चाहते कि कुछ भी उनके और हमारे बीच में आए। वह हमसे इतना प्रेम करते हैं कि वह हमारे पास एक बच्चे के रूप में आया ताकि वह हमारी दुनिया को अनुभव कर सके और हमसे मिल सके जहाँ हम रहते हैं! चलिए हम इस कहानी को देखें। पढ़ें मरकुस 10:17-27

जब एक धनी व्यक्ति ने यीशु से पूछा कि अनंत जीवन पाने के लिए उसे क्या करना चाहिए, तब यीशु ने देखा कि उस आदमी ने धन को परमेश्वर के साथ के सम्बन्ध से अधिक मूल्य दे रखा था और यीशु ने इस एक चीज पर अपना ध्यान केन्द्रित किया। यीशु ने उससे कहा कि अपना सब कुछ बेच दे और अपना धन गरीबों को बाँट दे। लेकिन यीशु सही था, वह व्यक्ति ऐसा नहीं कर पाया। परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध से बढ़कर उसके लिए अपना धन अधिक महत्वपूर्ण था।

आपके लिए सब से ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है? सोचिये कि परमेश्वर के अलावा आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है? क्या आप अपना पसंदीदा खिलौना देने के लिए तैयार होंगे? या किसी दिन परमेश्वर के पीछे चलने के लिए अपना परिवार छोड़ने के लिए तैयार होंगे और उस कार्य को करने के लिए तैयार होंगे जो वह आपके द्वारा करना चाहते हैं?

परमेश्वर हम में से हर एक से इतना अधिक व्यक्तिगत सम्बन्ध चाहते हैं कि वह उसके और हमारे बीच जो चीज आती है उससे जलन रखता है। धन, नाम, मित्र और सामाजिक स्तर सब ऐसी चीजें हैं जो हमारे और परमेश्वर के बीच बाधा बन सकती हैं। परमेश्वर का उद्देश्य हमें अच्छी वस्तुओं से वंचित रखना नहीं है, परन्तु हमें उस के साथ बहुतायत का जीवन देना है। और यह सब चीजें उसके रास्ते में चलते हुए पाई जा सकतीं हैं।

याद करने की आयत

मारकुस 8:35 " क्योंकि जो कोई अपना प्राण सुरक्षित रखना चाहता है, वह उसे खो देगा और जो मेरे तथा शुभ-समाचार के कारण अपना प्राण खो देता है, वह उसे सुरक्षित रखेगा।."

नाटक (भाग 2)

जब वे वापस आए, तब एजेंट ने टीम को बताया कि अब बिलकुल स्पष्ट है कि उसे क्या करना है। जबकि खेल मजेदार, और प्रतिफल देने वाला लगे, और उसके पास बहुत खजाना संचय किया हुआ हो, परन्तु उसके लिए ये कोई भी चीज यीशु के पीछे चलने के मुकाबले अधिक मूल्यवान नहीं है। शायद वह एक ऐसा अलग वीडियो गेम खेल सकता है जो परमेश्वर को अधिक महिमा देता है, परन्तु वह जानता है कि अब उसे अपना पसंदीदा पुराना खेल खेलना बंद करना होगा। अगुवा उसको सलाह देता है कि अगर उसको लत लगने वाला खेल खेलना बंद करना है, तो किसी प्रलोभन को दूर करने के लिए उसे अपने उपकरण से उस खेल को पूरी तरह हटाना होगा। एजेंट तैयार हो जाता है और निर्णय लेता है कि वह घर पहुँचकर ऐसा ही करेगा।

न्याय

जब आप किसी को देखते हैं कि उसके पास आप से कम चीजें और पैसे हैं, तो याद रखिये कि उसके और परमेश्वर के बीच कम चीजें रूकावट बनी हैं।

जीवनी (व्यापारी)

व्यापारी एक ऐसा व्यक्ति होता है जो बात करने, खरीदने, और माल बेचने के लिए समर्पित होता है। यह शब्द उसके लिए इस्तेमाल होता है जिसका खुद का व्यापार हो या वह उसमें काम करता हो।

जिम्मेदारियाँ: वे समुदायों को आवश्यक भौतिक सामान, दवाइयाँ और अन्य आवश्यकता की चीजें उपलब्ध कराने में सहायता करते हैं। इस बात को ध्यान देना बड़ा रोचक है कि व्यापारी दुनिया की सबसे पुरानी गतिविधियों में से एक का प्रदर्शन करते हैं।

अवसरः व्यापारी वे लोग होते हैं जो उत्पादों को खरीदते और बेचते हैं। इस तरीके से वे काफी लोगों से शहर और नगर में संपर्क कर पाते हैं। एक ईमानदार इंसान होना और हर ग्राहक के पास सीखने के लिए कुछ सबक छोड़ सकते हैं जिससे आप बात करते हैं।

परमेश्वर की अच्छाई को बाँटने का सबसे उत्तम साधन हमारा जीवन है, ताकि जब आप किसी से मिलें तो दूसरों का विश्वास बढ़ता जाए, जो परमेश्वर की विश्वासयोग्यता का एक गवाह है।

प्रश्न और उत्तर

1. पिछली बार आपने कब ऐसा सोचा था कि आपकी योजनाएँ परमेश्वर की सेवा से अधिक महत्वपूर्ण हैं?



यह समझना मुश्किल है कि परमेश्वर ने हमारे जीवन के लिए क्या किया है। हम कह सकते हैं कि परमेश्वर की सेवा करने या अपने सपनों को आगे बढ़ाने में से निर्णय लेना मुश्किल है। अगर हम उन चीज़ों को उस तरह से देखने की कोशिश करते हैं जिस तरह से परमेश्वर उन्हें हमारे लिए देखता है, तो हमारा दृष्टिकोण बदल जाएगा। यह हमारे सपनों का बलिदान करने के विषय में नहीं है; यह हमारे जीवन के लिए परमेश्वर की योजना को स्वीकार करने के लिए सीखने के विषय में है।

अब्राहम ने एक ऐसा निर्णय लिया जो उसके जीवन के लिए कठिन था, जो सब कुछ छोड़कर एक ऐसी जगह पर गया जिसे वह नहीं जानता था। लेकिन उसे भरोसा था कि उसके लिए परमेश्वर की योजना बेहतर है और पिता की इच्छा पूरी करने के द्वारा हमारे सपने भी पूरे हो सकते हैं।

2. क्या आपने कभी भी परमेश्वर के लिए अपना प्रेम दिखाने के लिए विवशता को महसूस किया है?

जब हम परमेश्वर की बातों को महत्व देते हैं और उन्हें हृदय से करते हैं, तो यह परमेश्वर के प्रति आपके धन्यवादी हृदय और प्रेम को दर्शाता है। हम अपने कार्यों से कह रहे होते हैं कि हम पिता पर निर्भर रहना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, धनी व्यक्ति वास्तव में अपनी संपत्ति का कुछ भाग नहीं दे सका क्योंकि यह उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज़ थी।

3. मैं यह कैसे जान सकता हूँ कि परमेश्वर मेरे जीवन के लिए क्या चाहते हैं?

हर दिन परमेश्वर को देखने के द्वारा हम समझ सकते हैं कि वह हमसे कैसे चाहता है कि हम क्या करें या कैसे व्यवहार करें। याद रखें, वह आपके साथ एक व्यक्तिगत संबंध बनाना चाहता है और आपके जीवन से वह सब कुछ हटा देना चाहता है जो आपके और उसके बीच में बाधा का काम करता है। अन्य लोगों के साथ अपनी तुलना न करें; परमेश्वर व्यक्तिगत रूप से काम करता है। उसका उद्देश्य हमेशा यही होगा कि हम अपने जीवन के सभी पहलुओं में हर दिन बेहतर होते जाएँ।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

प	का	सं	प्र	सि	द्धि	सं	स	उ	ध	वा	सं
का	र	प्र	प	उ	सं	प्र	प	का	प्र	न	स
सं	उ	मे	वा	स	अ	वा	रि	स	सं	का	प
प्र	प	स	श्च	प्र	नु	प	वा	उ	अ	प्र	उ
का	स	का	उ	र	भ	सं	र	का	प	का	स
प	सं	स	अ	सं	व	प्र	अ	उ	वा	सं	उ
सं	प्र	प	ड़	वा	सं	का	ल	प	प्र	स	ड़ा
सा	उ	का	प्र	क	अ	प	क्ष्य	अ	आ	का	र
र	अ	उ	स	का	उ	स	का	प्र	द	प	सं
का	सं	प	अ	प्र	बा	का	उ	का	मी	का	दो
प्र	अ	का	उ	धा	अ	प्र	प	सं	का	स	स्त
प	सं	बं	ध	सं	स	का	उ	का	प्र	उ	सं
सं	स	उ	प्र	प	का	का	र	ण	स	प	प्र



खेल

नींबू का खेल



बच्चों को दो समूहों में विभाजित करें। आरंभिक स्थल से कुछ दूरी पर एक ब्लैकबोर्ड या कागज का एक बड़ा पन्ना रखें। प्रत्येक समूह के पहले बच्चे को एक पेंसिल और एक चम्मच दें ताकि वे उसे अपने मुंह से केवल चम्मच पर नींबू रखकर पकड़े। जब अगुवा कहता है 'जाओ' तब उसे नींबू को गिराए बिना ब्लैकबोर्ड तक पहुँचना है और बाइबल के पद का पहला शब्द वहाँ लिखना है। फिर उसे अपने समूह में वापस जाना है और अगले खिलाड़ी को पेंसिल और नींबू देना है। जो समूह पूरी आयत को संदर्भ सहित सबसे पहले सही ढंग से लिखता है, वह जीत जाता है।

गृहकार्य

अपने किसी एक ऐसे खिलौने या किसी ऐसी वस्तु को चुनें जिसे आपको लगता है कि आप उसे बहुत अधिक महत्व देते हैं (अगर आप वास्तव में इसे करना चाहते हैं) और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को दें जिसके पास खिलौने नहीं हैं। यदि आपके लिए इस सप्ताह इसे करना मुश्किल था, तो अगले सप्ताह फिर से कोशिश करें। जब आप इसे कर लें, उसके बाद अपने संडे स्कूल की कक्षा में अपने अनुभव को बांटें। यह कैसा था?

यीशु के निर्देशों का पालन करना

04

यीशु ने 10 कोढ़ियों को चंगा कियाः लूका 17:11-19

नाटक (भाग 1)

एजेंट टीम से मदद माँगने के लिए अन्दर आता है। वह बताता है कि उसके माता-पिता ने यीशु को ग्रहण करने के बाद से उसके स्वभाव में एक बड़े बदलाव को देखा जो बहुत प्रशंसनीय है। परन्तु वह अपने आप को बुरे शब्द बोलने से नहीं रोक पा रहा है; वे बस उसके अन्दर से निकलते हैं। क्या कुछ ऐसा है जिससे वह दृढ़ बन सकता है और उन सब बातों को रोक सके? जांचकर्ता एक बात को बाँटती है कि कैसे वह काम करने में संघर्ष करती है और अधिकतर चीज़ों को पूरा करे बिना ही छोड़ देती है, जो उसकी माँ के प्रति बहुत अन्याय है, और वह उसे बेहतर करना चाहती है। कुछ समय पहले, उसने अपने बिस्तर के बगल में बाइबल को रखा और अब वह हर सुबह बाइबल को पढ़ती और पलंग से उठने से पहले परमेश्वर के लिए एक गीत गाती है। यह काफी सरल है, लेकिन धीरे धीरे वह काम में बेहतर होती जा रही है क्योंकि परमेश्वर के साथ समय बिताना एक अच्छे दृष्टिकोण के साथ सुबह की शुरूआत करने में उसकी सहायता करता है। एजेंट निर्णय लेता है कि वह भी ऐसा करने का प्रयास करेगा। जांचकर्ता उसको प्रोत्साहित करती है कि वह इसे लम्बे समय तक जारी रखे, क्योंकि बदलाव धीरे धीरे होगा। वे वापस समय में अपने मिशन पर जाते हैं।

पाठ

फिर से, यीशु को "परदेशियों" पर दया आती है। लोगों को लगा था कि यीशु का इन लोगों से कोई संपर्क नहीं होना चाहिए लेकिन यीशु ने उनसे प्रेम किया और उन्हें चंगा किया। पढ़ें लूका 17:11-19

वहां कोई समारोह, या धार्मिक क्रिया या खास प्रार्थना नहीं हुई थी। यीशु ने केवल उन्हें निर्देश दिया कि उन्हें पुराने नियम की व्यवस्था के अनुसार याजक के पास जाकर अपने आप को दिखाना था। जैसे ही उन दस मनुष्यों ने यीशु के बताए अनुसार किया वे इस भयंकर बीमारी से चंगे हो गए। यीशु के साधारण से निर्देश मानने के परिणाम स्वरुप अविश्वसनीय आशीष उनके जीवनों में आ गई।

उनमें से एक आदमी लौटकर यीशु के पास आया और उसके किए हुए आश्चर्यकर्म के लिए धन्यवाद देकर उसकी महिमा की।

कितना आसान है परमेश्वर की आशीष अपने जीवनों में स्वीकार करना, परन्तु परमेश्वर को उसका श्रेय न देना।

तो, इस कहानी से हम लोग तीन चीजें सीख सकते हैं। पहले, परमेश्वर से वो चीजें माँगना ठीक हैं जिनकी हमको आवश्यकता होती है, यहाँ तक कि यह एहसास होते हुए भी कि हम उसकी आशीष के योग्य नहीं हैं।

दूसरा, जब परमेश्वर हमें निर्देश देते हैं तब हमें उसके अनुसार चलना चाहिये।

तीसरा, हमें हमेशा परमेश्वर का धन्यवाद देना चाहिये और उन्होंने जो हमारे लिये किया वह दूसरों को बताना चाहिये।

याद करने की आयत

फिलिप्पियों 4:6 " किसी बात की चिन्ता न करें। हर जरूरत में प्रार्थना करें और विनय तथा धन्यवाद के साथ परमेश्वर के सामने अपने निवेदन प्रस्तुत करें।."

नाटक (भाग 2)

मिशन से वापस आकर, वे बहुत चकित थे, कि यीशु ने कोढ़ियों को इतने आसन तरीके से कैसे चंगाई दी। एजेंट उल्लेख करता है कि साधारण निर्देशों पर चलना वास्तव में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। जांचकर्ता इस बात का एहसास करती है कि जैसे जैसे परमेश्वर उसे बदलता जाता है और अपनी माँ के लिए काम करने में उसकी मदद करता है, तो उसे उसकी स्तुति और धन्यवाद देना चाहिये। अगुवा उल्लेख करता है कि कैसे उसने कुछ सकारात्मक बदलाव उन दोनों के जीवनों में देखे और उन चीजो के लिए वह परमेश्वर की महिमा करते हैं।

न्याय

यह देखें कि परमेश्वर दूसरे लोगों के जीवनों में क्या कर रहे हैं और उन के साथ मिलकर आनंदित हों!

जीवनी (नर्स)

नर्स वह व्यक्ति है जो बीमार, घायल, पीड़ित और मरते हुओं को सहारा देती या उनकी सेवा करती है। नर्स को डॉक्टर के निर्देशों पर चलना होता हैं। नर्स स्वतंत्र रूप से या मेडिकल टीम के सहयोग के साथ जहाँ कहीं उसे नियुक्त किया गया हो, वहां हर उम्र के लोगों की देखभाल करते हैं।

जिम्मेदारीः उनका कार्य बीमारों की सामान्य और गहन देख-भाल पर, जहाँ वे होते हैं केन्द्रित होता है। उनकी भूमिका लम्बे स्वाथ्य, सेहत और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने

में महत्वपूर्ण होती है। नर्स को चिकित्सा निर्देशों के अनुपालन के साथ हर रोगी के लिए उपयुक्त पोषण पर अच्छी तरह से निगरानी रखनी होती है।

अवसर: जिन लोगों की वे सेवा करते हैं उनके भरोसे को जीतने से वे उनके जीवनों पर बहुत बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। तकनीकी और सैद्धांतिक ज्ञान के अलावा, उनके पास इस महत्वपूर्ण कार्य में सेवा का दृष्टिकोण भी होना चाहिए। अपना ज्ञान, समर्पण और एकजुटता दूसरों को उपलब्ध कराते हुए वे रोगियों के लिए सहनशीलता और उच्च स्तर की सहानुभूति का एक बड़ा उदाहरण पेश करते हैं।

प्रश्न और उत्तर



1. क्या मुझे हमेशा निर्देशों का पालन करना है?

मुझे यह याद रखना चाहिए कि हर बार जब मेरे पास कोई नई वस्तु या गेम आता है, तो मुझे उसके निर्देशों के बारे में पढ़ना चाहिए कि उसका अधिकतम लाभ कैसे उठाया जाए। इसलिए मैं समझता हूं कि निर्देश उपयोगी होते हैं, यीशु ने बरतिमाई से कहा कि वह अपनी आंखों मेंसे कीचड़ को हटाने के लिए कुंड में उतरे, बरतिमाई ने निर्देशों का पालन किया और उसने अपनी दृष्टि वापस पा ली। कल्पना कीजिए कि अगर वह उन निर्देशों का पालन नहीं करता तो क्या होता। यह जानना अच्छा है कि उसने उन निर्देशों का पालन किया और वह स्वस्थ हो गया।

2. मेरे माता-पिता मेरे धन्यवादी बनने पर जोर क्यों देते हैं?

यह एक ऐसा मनोभाव है जिसे हमें दैनिक रूप से बढ़ाना चाहिए, शायद आपके लिए अपने माता-पिता या अधिकारियों से इस सलाह को लेना या सुनना झुंझलानेवाला लगे कि आपको धन्यवादी होना चाहिए। उस अध्याय का एक क्षण के लिए विश्लेषण करें जहां हमने सुना है कि यीशु ने 10 कोढ़ियों को चंगा किया और उनमें से केवल 1, यह महसूस करते हुए कि वह चंगा हो गया है, उसे उस चमत्कार के लिए धन्यवाद देने के लिए वापस लौट कर आया। यीशु उससे कहते हैं: और बाकी कहाँ हैं, क्या मैंने दसों को चंगा नहीं किया था? यह हमें दर्शाता है कि, यदि धन्यवादी होना उसके लिए एक अच्छा मनोभाव था, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम भी धन्यवादी बनें।

3. अगर मेरे माता-पिता के निर्देश परमेश्वर के विरुद्ध जाते हैं, तो क्या मुझे उनका पालन करना चाहिए?

बाइबल बताती है कि सभी अधिकार परमेश्वर की ओर से आते हैं; उसके आधार पर हम वह कर सकते हैं जो हमारे माता-पिता हमें बताते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि हमें ऐसा कुछ

नहीं करना है जिसके द्वारा हम जानते हैं कि हम परमेश्वर को नाराज़ कर देंगे। यदि माता-पिता हमें कलीसिया में जाने से मना करते हैं, तो परमेश्वर के वचन से सुनने के लिए कई विकल्प हैं। वह समय आएगा जब निर्णय हमारा होगा, हम अपने माता-पिता का सम्मान करें और परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करें। दोनों को एक साथ किया जा सकता है।

पहेली जवाब





खेल

संगीत के साथ गले मिलना



बड़े समूह के बनने तक समूह को व्यक्तिगत रूप से या जोड़ियों में इसे व्यवस्थित करें। प्रतियोगियों के कमरे में कूदते समय काफी तेज उत्साहित संगीत बजाएं।जब संगीत बंद हो जाता है, तो प्रत्येक प्रतियोगी एक दूसरे को गले लगाता है और अपना नाम बताता है। संगीत बजता रहता है और अगली बार जब संगीत रुकता है तो तीन बच्चे एक-दूसरे को गले लगाते हैं और अपने नाम इस तरह कहते हैं जब तक कि वे संगीत के साथ एक दूसरे को गले लगाकर नहीं मिलते।

गृहकार्य

उन चीजों के बारे में सोचें जो आपने परमेश्वर से मांगी हैं और जो आपको इस सप्ताह मिली हैं और यदि परमेश्वर ने आपके द्वारा मांगी गई किसी भी चीज का जवाब दिया है, चाहे आपके अपने परिवार या आपके जीवन के लिए, तो परमेश्वर को धन्यवाद देने के लिए कुछ समय निकालें, फिर संडे स्कूल में शिक्षक को इसके बारे में बताएं।

यीशु की तरह नम्र बनें

05

यीशु ने अपने चेलों के पैर धोये: यूहन्ना 13:3-17

नाटक (भाग 1)

उन्हें आज अपने मिशन के बाद टाइम मशीन यंत्र को साफ करने की जरूरत है। एजेंट ने अच्छी तरह से दो बार यंत्र को साफ किया, और आज जांचकर्ता की बारी है। वह यह नहीं करना चाहती थी और काम न करने के रास्ते खोजने का प्रयत्न कर रही थी। उसके अलावा वह टीम की एक वरिष्ठ सदस्य है, इसलिए उसे लगा कि एजेंट को ही उसे फिर से साफ करना चाहिए। अगुवा जांचकर्ता को बताता है कि आज उसकी बारी है और जब वे वापस पहुचेंगे तो उसे ही सफाई करनी पड़ेगी। वह सहमत हो गई।

पाठ

यीशु अपने चेलों के साथ रात का खाना खा रहा था जब उसने चेलों के साथ कुछ ऐसा किया जो हैरान करने वाला था जिसके कारण पतरस ने यीशु से रुकने को कहा। आइए इस घटना पर एक नजर डालें। पढ़िये यूहन्ना 13:3-17

यीशु ने जो कार्य किया था वो केवल सेवक ही करते हैं। लूका 22:27 में, यीशु ने चेलों से पूछा कि कौन बड़ा है? वह जो सेवा करता है या वह जिसकी सेवा की जा रही है। निस्संदेह, वह है जिस की सेवा की जा रही है। परन्तु यीशु ने कहा, "मैं तुम्हारे बीच में सेवक के समान हूँ ," और उसने अपने कार्यों के द्वारा यह करके दिखाया। उसने उस चेले के भी पैर धोये जिसके बारे में वह जानता था कि वह उसे धोखा देगा।

यीशु ने अपनी नम्रता दूसरे तरीकों से भी दिखाई। वह स्वर्ग को छोड़ने और पृथ्वी पर एक बच्चे की तरह आने के लिए भी तैयार था। उसका अपना कोई घर नहीं था और न ही व्यसक होने के नाते उसका कोई स्थायी घर था। उसके पास सेवक भी नहीं थे। उसने यह माँग भी नहीं की कि लोग उसकी अराधना करें। उसके मुकदमे के समय में, उसने झूठे आरोपों का जवाब नहीं दिया। जिन सैनिकों ने उसका मजाक उड़ाया उसने उन्हें नहीं डाँटा।

और अंत में, उसने हमारे लिए, अपनी भेड़ों के लिए, अपनी जान दे दी। फिलिप्पियों 2:8 कहता है; "और मनुष्य के रूप में प्रगट होकर अपने आप को दीन किया किया, और यहाँ तक आज्ञाकारी रहा कि मृत्यु हाँ, क्रूस की मृत्यु भी सह ली।" यीशु ने कहा हमें उसके दिए हुए उदाहरण पर चलना चाहिए और सब का सेवक बनना चाहिए। न केवल उनके लिए नहीं जिनको हम पसंद करते हैं, परन्तु उन सारे लोगों के लिए भी, जिनको परमेश्वर ने सृजा है।

याद करने की आयत

फिलिप्पियों 2:3-4 " आप दलबन्दी तथा मिथ्याभिमान से दूर रहें। हर व्यक्ति नम्रतापूर्वक दूसरों को अपने से श्रेष्ठ समझे। कोई भी केवल अपने हित का नहीं, बल्कि दूसरों के हित का भी ध्यान रखे।"

नाटक (भाग 2)

यात्रा से लौटने के बाद, उन्होंने चर्चा की, कि यीशु, जो संसार का महान राजा है, ने कैसे नीचे झुककर अपने चेलों के पैरों को धोया। यह एक अनोखा काम दिख रहा था! कुछ चेलों के बड़े बाल वाले पैरों पर गाँठें थीं। और उनके पैरों से दुर्गन्ध भी आ रही थी। जांचकर्ता ने मशीन धोने के लिए अपने मनोभाव के लिए क्षमा माँगी। अगुवा एक सैकेंड के लिए सोचता है, और घोषणा करता है कि वह आज मशीन को धोयेगा, और जाँचकर्ता अगली बार साफ कर सकती हैं। जांचकर्ता ऑपरेशन कण्ट्रोल डेस्क साफ करने के लिए आगे आती हैं और एजेंट यंत्र के आस पास अतिरिक्त तेल की चिकनाई साफ करने को स्वेच्छा से सामने आता है।

न्याय

यीशु लोगों की सेवा करने को आया था और हमें भी उस के उदाहरण पर चलना चाहिये। इसलिए, हमें दूसरों की सेवा करने के आसान तरीकों को देखना चाहिए यहाँ तक कि उनके लिए भी जो लोग हमें चोट पहुँचाते हैं ।

जीवनी (डाकिया)

डाकिया या पोस्टमैन वह व्यक्ति होता है जिसका कार्य पत्रों एवं पार्सलों को इकट्ठा करके उस स्थान तक पहुँचाना होता है जहाँ उन्हें भेजा जाना है। यह उसी जगह अथवा किसी दूसरे कस्बे में भी हो सकता है।

जिम्मेदारियाँ: सन्देश वाहक को एक ईमानदार व्यक्ति होना चाहिए जो सुरक्षित रूप से आदेशों का पालन करता है। उन्हें अपने संपर्कों का दायरा बढाने के लिए ग्राहकों के भरोसे को जीतना जरूरी है जिससे उनको काम ज्यादा मिले।

अवसर: जब वे लोगों के भरोसे को जीत लेते हैं, तो वे उन पर अपनी व्यक्तिगत छाप छोड़ सकते हैं जो सदा याद रखी जाएगी। उसका लाभ उठायें और प्रत्येक वितरण के समय सदा जिम्मेदारी के साथ सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए सेवा प्रदान करें।

आजकल, लोगों में विश्वास खो गया है। घोटालों एवं धोखे की इतनी सारी घटनाओं के कारण लोगों का पहली बार सन्देश सेवाएँ इस्तेमाल करते हुए परेशान होना स्वभाविक है। एक सन्देश वाहक तय करता है कि क्या यह स्थिति जारी रहेगी या आगे बदलेगी।

प्रश्न और उत्तर

1. नम्र बनने के लिए मुझे क्या काम करना चाहिए?

ऐसी कई परिस्थितियाँ हैं जिनमें हम नम्र बनने का "अभ्यास" कर सकते हैं। जब हमारे पास कुछ चुनने का अवसर होता है, तब हमें बिना दिखावे के संयमित रहना है। यह सोचें कि दूसरे आपकी तुलना में कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। अपने पिछले दिन के प्रत्येक कार्य की समीक्षा करें और आप समझ पाएंगे कि क्या आप घमंडी हैं या आप नम्र हैं।

2. क्या मुझे अपने सम्मान के लिए लड़ना चाहिए जब लोग मेरे विषय में झूठ बोलते हैं?

उस स्थिति में होना काफी मुश्किल होता है। अक्सर हमारे विषय में जो कहा जा रहा होता है या तो हम उससे अपना बचाव करते हैं या इनकार करते हैं। यदि हम देखें कि यीशु की परीक्षा के समय में वह किस स्थिति से गुजरा, वे उस पर अन्यायपूर्ण आरोप लगा रहे थे ताकि वे उसे मार डालें। लेकिन उसने कुछ नहीं कहा। आप समय के साथ बिना लोगों से बात किए उन्हें यह महसूस करने की अनुमति दें कि वे जो आपके बारे में बातें कह रहे थे, वह झूठ था और आप अपने प्रति लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया को देखेंगे।

3. मैं अपने दोस्तों या भाइयों को नम्र होना कैसे सिखा सकता हूँ?

सबसे अच्छी बात यह है कि वे इसे हममें देखते हैं। शब्दों का गलत अर्थ निकाला जा सकता है; लेकिन हमारे कार्य उनके लिए बोलते हैं। उन लोगों की सराहना करना जो किसी विषय में बहुत सक्षम हैं और मदद मांगना नम्रता का कार्य है। वास्तविक बने रहें।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

न	डि	सै	से	न	चे	ला	डां	सै	न	डि	सै	पै
डां	प्र	न	डां	डां	डि	से	न	डां	डां	से	र	डां
सै	से	ता	से	न	भे	का	डां	डि	आ	न	डां	डि
न	डि	डां	आ	डां	आ	ड़	का	से	व	क	से	न
डि	सै	से	डि	ट	डां	रि	न	डां	रि	आ	डां	सै
न	से	वा	न	ना	सै	का	डां	रि	न्या	न	डि	से
र	डां	क	से	डि	न	आ	से	क	य	डां	रि	धो
न	सै	र	रि	का	रि	डां	नि	का	डां	आ	ना	डि
डि	डां	ना	आ	न	यं	का	क	सै	न	से	सै	न
से	न	डां	डि	का	से	डि	न	आ	डां	डि	रि	डां
स्व	र्ग	डां	का	आ	ज्ञा	का	रि	ता	डां	सै	आ	से



खेल

सरप्राइस डिब्बा



लिपटे हुए कागज की पट्टियों की एक श्रृंखला का डिब्बा या थैला तैयार करें जिस पर कुछ कार्य लिखे गए हैं। उदाहरण के लिए, एक बाइबल की आयत बताएं, एक गीत गाएं, अपने क्रेयोंस को बांटें, कुछ समय के लिए अन्य चीजों के साथ साथ अपने पसंदीदा खिलौने को बांटें। गोल घेरा बनाने वाले प्रतियोगी एक निश्चित संकेत मिलने तक डिब्बे को एक हाथ से दूसरे हाथ तक बढ़ाते रहेंगे। जिस व्यक्ति के पास संकेत मिलने के समय में डिब्बा होगा, उसे कागज की पट्टियों में से एक को निकालना होगा और बताए गए कार्य को करना होगा। खेल तब तक जारी रहेगा जब तक कागज की पट्टियाँ समाप्त नहीं हो जाती। अंतिम गतिविधि करने वाला प्रतियोगी अब खेल का नेतृत्व करेगा।

गृहकार्य

अपने घर या स्कूल में किसी ऐसे व्यक्ति के काम में मदद करें जिसने आपको उस काम को करने के लिए न कहा हो। स्कूल में, किसी कमरे से कूड़ा उठाने में मदद करें जिसे आपने कभी साफ नहीं किया हो।

यीशु के समान उत्साही बनें

06

यीशु ने चैकियाँ पलट दीं: मरकुस 11:15-17 (यूहन्ना 2:13-17)

नाटक (भाग 1)

एजेंट अपने समूह को बताता है कि वह अपनी बहन के साथ एक छोटे व्यापार को शुरू करने की योजना बना रहा है। वह एक कलाकार है और वह दीवार की सुन्दरता के लिए सुन्दर चीजें बना सकती है, और कुछ सजावट जो उसने बनायीं हैं उसमें बाइबल के पद भी लिखे हैं। वह उन्हें बेचने की योजना बना रहा है। एक दिन, उसने किसी को धार्मिक वस्तुओं पर ऊँचें दाम लगाते हुए देखा क्योंकि वे धार्मिक हैं और इसलिए लोगों को परमेश्वर के पास लाना चाहते हैं। वह योजना बना रहा है कि दीवार पर लटकने वाली सजावट की चीजों पर ऊँचा दाम लगा दे जिन पर बाइबल के पद लिखे हुए हैं। जांचकर्ता कहती है कि दाम बढ़ाना एक अच्छा विचार नहीं है। लेकिन एजेंट सहमत नहीं होता, और वे समय में वापस पीछे की ओर जाते हैं।

पाठ

यीशु यरूशलेम में गदहे के बच्चे पर बैठकर प्रवेश करता है, और लोग जो उसकी महिमा गा रहे थे वे अपने कपड़े उसके सामने जमीन पर बिछा रहे थे। यह एक चिन्ह था कि वह राजा है। यहूदी अच्छा कर रहे थे। लेकिन जब यीशु मंदिर में आए, तो उसने लोगों को वहां परमेश्वर की महिमा, और आराधना करने के बजाय व्यापार करते हुए देखा और याजक इस बात की अनुमति दे रहे थे। पढ़ें मरकुस 11:15-17

यह एक शिक्षक द्वारा एक हिंसक प्रतिक्रिया की तरह लगता है जो लगातार प्रेम और दीनता को अभी तक पढ़ा रहा था। लेकिन कहानी अभी बाकी है। पुराने नियम की व्यवस्था में लोगों को मंदिर में साल में एक बार आकर उन चीज़ों को बलिदान करना होता था जो उन्होंने उपजाई और बढाई थीं। अगर किसी के लिए आवश्यक बलिदान लाना मुश्किल होता, तो वे यरूशलेम से चढ़ाने के लिए कुछ खरीद सकते थे। इन वस्तुओं को बेचने के लिए व्यापारियों ने मंदिर के अन्दर आँगनो में यह चीजें बेचने के लिए दुकानें लगाईं थीं। दुर्भाग्य से, वे वास्तव में उच्च कीमतों पर इन वस्तुओं को बेच रहे थे क्योंकि यात्रियों के लिए उन्हें कहीं और से खरीदना मुश्किल था।

वे परमेश्वर के अपने मंदिर में लोगों का लाभ उठा रहे थे! इन सब बातों ने यीशु को उन्हें लुटेरे बोलने पर मजबूर किया।

जब कोई और परमेश्वर को पाने के लिए दूसरों के रास्ते में आए तो इससे बढ़कर ऐसी कोई चीज नहीं है जिससे परमेश्वर को अधिक क्रोध आता है, क्योंकि वह लोगों से प्यार करता है और चाहता है कि वह हमेशा उनके साथ रहे।

मत्ती 23:13 में, यीशु ने एक बार फिर धार्मिक अगुवों को लोगों को स्वर्ग से बाहर रखने के लिए फटकार लगाई। आइए हम कोशिश करें कि कभी भी किसी को व्यवस्थाओं से बोझिल करके या उनका लाभ उठाकर परमेश्वर को पाने के रास्ते में न आएँ, लेकिन आइए हम उनके लिए प्रभु को खोजना आसान बनाएं।

मत्ती 23:13 में, यीशु ने एक बार फिर धार्मिक अगुवों को लोगों को स्वर्ग से बाहर रखने के लिए फटकार लगाई। आइए हम कोशिश करें कि कभी भी किसी को व्यवस्थाओं से बोझिल करके या उनका लाभ उठाकर परमेश्वर को पाने के रास्ते में न आएँ लेकिन आइए हम उनके लिए प्रभु को खोजना आसान बनाएं।

याद करने की आयत

मत्ती 23:13 "ढोंगी शास्त्रियो और फरीसियो! धिक्कार है तुम्हें! तुम मनुष्यों के लिए स्वर्ग-राज्य का द्वार बन्द कर देते हो; न तो तुम स्वयं प्रवेश करते हो और न प्रवेश करने वालों को प्रवेश करने देते हो।

नाटक (भाग 2)

यरूशलेम में से यीशु के दिनों की यात्रा करके वापस आने पर, एजेंट मंदिर में व्यापारियों के प्रति यीशु की प्रतिक्रिया से हैरान हैं। एजेंट अगुवे से पूछता है जो उसे बताता है कि परमेश्वर चाहता है कि हम उसे ढूंढने में लोगों की मदद करें, न कि जब वे उसको तलाश करने की कोशिश करते हैं तब उन्हें दूर धकेले या उनका फायदा उठाएं। कुछ मिनटों के लिए इस पर चर्चा करने के बाद, अगुवा एजेंट को अपना मनोभाव लाभ कमाने से हटाके अपने छोटे व्यवसाय से लोगों को परमेश्वर को ढूंढ़ने में मदद करने के अवसर के रूप में देखने के लिए कहता है। वह फैसला लेता है कि बाइबल पदों के साथ जो सजावट की चीजे हैं उन पर वह काफी छूट देगा और अपनी बहन से और भी अधिक उन चीज़ों को बनाने को कहा।

न्याय

यीशु ने परमेश्वर के नाम पर गरीब लोगों का फायदा उठाने वालों के लिए हिंसक रूप से कार्य किया। हमें उन लोगों का बचाव करना चाहिए जो खुद का बचाव नहीं कर सकते, खासकर कलीसिया में।

जीवनी (सैनिक)



एक सैनिक, अपने सामान्य अर्थों में, एक ऐसा व्यक्ति है जो स्वेच्छा से भर्ती किया गया है या एक संप्रभु देश के सशस्त्र बलों में अनिवार्य सैन्य सेवा में भर्ती हुआ है। सैनिक देश और उसके हितों की रक्षा के लिए प्रशिक्षण और हथियार प्राप्त करता है।

जिम्मेदारियां: सेना के भीतर, सैनिकों के समूहों को विभिन्न सेवाओं के लिए विभाजित किया जाता है। उदाहरण के लिए, पैदल सेना, बख्तरबंद हथियार, तोपखाने, सैन्य पुलिस, आदि। सैनिकों में आज्ञाकारिता, सहयोग और विवेक की उच्च भावना होती है।

अवसर: एक मसीही सैनिक के पास ईमानदारी के साथ, कड़ी मेहनत करने और निर्देशों के प्रति चैकस रहने का अवसर होता है। शिकायत करने, अफवाहों को बढ़ाने या प्रोत्साहित करने से बचें, यह जानते हुए कि अच्छा मनोबल आपके समूह को अधिक प्रभावी और सम्मान के योग्य बनाता है। सैनिक दूसरों की मदद करने, दूसरों को प्रोत्साहित करने और एक टीम के रूप में काम करने के तरीकों की भी तलाश कर सकता है। आप अपने दल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं, चाहे आपका पद कोई भी क्यों न हो।

प्रश्न और उत्तर

1. यदि मैं परमेश्वर की सेवा करने की तुलना में अपनी चीजों के लिए अति उत्सुक हूँ, तो क्या होगा?

यह काफी दिलचस्प है कि हम अपनी पसंद की चीजों में कैसे उत्साह रखते हैं। अगर हम परमेश्वर की सेवा करते हैं, तो इसका अर्थ है कि हमारे जीवन में उसके स्थान को जानना है। जब हम किसी खेल के समूह या किसी भी गतिविधियों का भाग होते हैं, तो हम तैयारी के लिए समय निकालते हैं और प्रत्येक सभा में भाग लेते हैं। जब हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें परमेश्वर का स्थान प्रथम होता है, तो उसे आवश्यक समय देना आसान हो जाता है और फिर निश्चित रूप से, जो भी हम करते हैं, उसका आनंद लेते हैं।

2. कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है कि मैं स्वयं को बेवकूफ बना रहा हूं और मुझे यह पसंद नहीं है...

याद रखें, जब आप परमेश्वर के लिए कुछ करते हैं, तो आप उस भावना के साथ परमेश्वर से सहायता मांग सकते हैं। कई लड़के और लड़कियाँ अपनी कलीसियाओं में इतने आराम से होते हैं कि इसके लिए परमेश्वर के प्रति सच्ची लगन की आवश्यकता नहीं होती। संसार के कुछ अन्य हिस्सों में कई लोग यीशु के लिए अपनी जान दे रहे हैं। उनके पास निश्चित रूप से परमेश्वर के

लिए वास्तविक जुनून है। मैं आपको उस असुविधा की भावना का समर्पण करने के लिए आमंत्रित करता हूं और परमेश्वर से आपको उसकी सेवा के लिए जुनून देने के लिए प्रार्थना करें।

3. क्या मुझे व्यापारियों को मंदिर से बाहर निकालने के लिए यीशु के क्रोध का अनुकरण करना चाहिए?

कभी-कभी हम उन कार्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो हमें उन चीजों को करने का अवसर दे सकती हैं जो हम करना चाहते हैं। उस समय, यीशु परेशान था क्योंकि पिता की आराधना को वहां महत्व नहीं दिया जा रहा था जिसके वह योग्य था। उसका गुस्सा फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों ने मंदिर में जिन चीजों की अनुमति दी थी उसके कारण था। परमेश्वर शायद हमें ऐसा कुछ करने के लिए नहीं कहेंगे जो कठोर या उग्र हो। उन चीजों को न करने के लिए सावधान रहें जो दूसरों को चोट पहुंचाएंगी, क्योंकि वे परमेश्वर के लिए महत्वपूर्ण हैं।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

ऊं	स्तु	आ	मं	ऊं	ग	धा	मं	सि	ऊं	मं	य	यी	ऊं
य	सि	ति	य	ब	य	ब	आ	य	चे	आ	ऊं	ब	शु
मं	ऊं	ब	मं	मं	आ	ब	फ	ब	प	मं	सि	य	मं
ब	य	फ	आ	दि	ऊं	ढ़	ऊं	मं	र	आ	न	मं	ऊं
रा	ब	री	सि	र	य	ना	फ	ब	हो	य	सि	प्र	ब
जा	मं	सी	ऊं	आ	फ	मं	सि	य	शा	सि	ऊं	फ	ता
सि	फ	आ	ब	फ	ऊं	फ	य	फ	ना	ब	फ	य	आ
आ	ऊं	आ	रा	ध	ना	सि	ब	ऊं	आ	फ	चो	मं	ऊं
ब	मं	फ	आ	ऊं	आ	फ	प्रे	आ	सि	य	र	फ	व्या
ब	लि	दा	न	ब	य	मं	सि	म	ब	फ	सि	आ	पा
फ	ऊं	सि	य	मं	आ	ऊं	ब	य	मं	ब	ऊं	य	र
य	रू	श	ले	म	ब	सि	आ	सि	खा	ना	आ	सि	मं

खेल

मेरे पास लाओ



प्रतियोगी स्वयं को छोटे समूहों में विभाजित करते हैं और समूहों को अगुवे से जितना हो सके उतना दूर तैनात किया जाता है। तब अगुवा कहता है, "मेरे पास लाओ..." और फिर उस वस्तु का नाम लेता है जो आस पास हैं। उदाहरण के लिए, "मेरे पास लड़के या लड़की के जूते लाओ" (ऐसी चीजें हो सकती है जो कक्षा के भीतर हो।) समूह उस वस्तु को लाने के लिए दौड़ता है जिसकी मांग की गई है। समूहों को अलग-अलग चीजें लाने के लिए कहते हुए आप इसे कई बार दोहरा सकते हैं।

गृहकार्य

उन चीजों या लोगों की सूची बनाएं जिनके प्रति आपका प्रेम परमेश्वर के प्रेम से ऊपर हैं और जो शायद परमेश्वर के प्रति आपके जुनून को कम करता है (जैसे कि प्रेमिका या प्रेमी, स्कूल का कार्य, फोन, खेल, खिलौने, दोस्त आदि)। परमेश्वर से कहें कि वह आपको उसकी अपनी आँखों से खुद को देखना सिखाएँ। इसके अलावा, इस सप्ताह परमेश्वर से बात करने के लिए अधिक समय निकालें।

यीशु के हृदय का प्रकट होना

07

गतसमनी का बगीचाः मत्ती 26:36-39, 47-54

नाटक (भाग 1)

जांचकर्ता आज बहुत दुखी है। कल उसे पता चला कि उसकी करीबी दोस्त, जो हाल ही में दूसरी लड़की के साथ समय बिता रही थी, उसने जांचकर्ता के भरोसे को तोड़ दिया और उसने उस दूसरी लड़की को उसकी एक गुप्त बात के साथ साथ उसके बारे में कई बुरी बातें भी बतायीं। जांचकर्ता को इसके बारे में पता चला क्योंकि उसी लड़की ने बात को गुप्त नहीं रखा और अब सारा स्कूल इसके बारे में जानता है। फिर शिक्षक ने उन्हें जोड़ी में रहते हुए एक परियोजना सौंप दी और उसको उस लड़की के साथ कर दिया! अगुवा और एजेंट उस जांचकर्ता की बात सुनकर उसके साथ परेशान हैं और उसको दिलासा देने का प्रयत्न करते हैं।

पाठ

पढ़ें मत्ती 26:36-39, 47-54

यीशु वास्तव में परेशान था क्योंकि वह उन सारी भयानक बातों को जानता था जो उसके साथ आगे के कुछ घंटों में होने वाली थीं। पहले यीशु ने सबसे पहले परमेश्वर पिता से प्रार्थना की। क्या ही अच्छा उदाहरण है कि जब हम परेशान और दुखी होते हैं तब क्या करना चाहिए! हम परमेश्वर से उन बातों को बदलने के लिए याचना कर सकते हैं फिर भी उसकी इच्छा पर अपने आप को छोड़ना चाहिए और भरोसा करना चाहिए कि परमेश्वर के मन में हमारे लिए और जो हमारे आस पास हैं उन सबके लिए अनंत काल की भलाई ही है।

फिर यहूदा, उन लोगों में से एक जिसको यीशु ने अपने परम मित्रों में से होकर चुना था, वह उन लोगों के साथ वहां पहुंचा जो यीशु को हानि पहुँचाना चाहते थे। यह सबसे ऊँचे स्तर का धोखा था और यीशु को जो उस समय पहले से ही दुःख का एहसास कर रहा था उसको और व्याकुल कर दिया था।

परन्तु इस भयानक समय में भी, यीशु ने यहूदा को "मित्र" कह कर बुलाया और जब लड़ाई में एक आदमी जो यीशु को चोट पहुचाने आया था वह घायल हुआ, तब यीशु के पास उस लड़ाई को रूकवाने और उस आदमी को ठीक करने का विनम्र भाव था।

यह कहानी यीशु के हृरदय को कितने साफ तरीके से प्रकट करती है। उस अत्यधिक दर्द के समय में भी, यीशु कितनी दयालुता के साथ काम कर रहा था और अपने महान प्रेम को हमारे लिए प्रकट किया, उन लोगों के प्रति भी जो उसको नुकसान पहुँचाना चाहते थे।

याद करने की आयत

लूकस 6:27 "मैं तुम लोगों से, जो मेरी बात सुन रहे हो, यह कहता हूँ : अपने शत्रुओं से प्रेम करो। जो तुम से बैर करते हैं, उनकी भलाई करो।

नाटक (भाग 2)

जब वे वापस वर्तमान समय में आते हैं, तब जो उन्होंने देखा उस बात पर चर्चा करके वे बहुत आश्चर्यचकित हैं, कि कैसे यीशु ने जो उसको पकड़ने आए, उनके साथ दयालुता का व्यवहार किया। जांचकर्ता उस लड़की के साथ स्कूल में अपनी परिस्थिति के बारे में सोचती है और एहसास करती है कि वह काफी कुछ एक जैसा है। वह अपने समूह को बताती है कि कैसे उसने उस लड़की के गृह-कार्य में गलत जवाब देखे और उसकी मदद करने की उसको कोई इच्छा नहीं थी, वह चाहती थी कि उसको खराब नंबर मिलें। लेकिन अब उसको एहसास होता है कि उसको उस लड़की के होमवर्क में मदद करनी चाहिए, इसके बावजूद कि उसने जांचकर्ता को चोट पहुँचाई थी। यह बहुत ही कठिन है जो उस समय यीशु ने किया वह उसे और भी आश्चर्य में डाल देता है। समूह तय करता है कि वे एक साथ प्रार्थना करके परमेश्वर से माँगेंगे कि वो जांचकर्ता की उस लड़की के साथ दयालुता का व्यवहार करने में सहायता करे, यह जानते हुए भी कि वह यीशु मसीह की सहायता से उस असंभव काम को भी कर लेगी।

न्याय

क्या आपको भी कभी इस बात का पता चला है कि आपके एक मित्र ने दूसरे लोगों को आपके बारे में कुछ गलत बताया है? यह धोखे जैसा लगता है क्योंकि यह धोखा ही है! आइए, हम हमेशा दूसरे लोगों के बारे में सिर्फ दयालु बात ही बोलें।

जीवनी (भौतिक डॉक्टर)



भौतिक डॉक्टर एक स्वास्थ्य अनुभवी व्यक्ति होता है, जो बीमारियों का पता लगाता, बचाव के उपाय बताता और रोगों (लक्षणों का गुट जो किसी खास तरह की तकलीफ और अस्थिरता से संबद्ध हो) का ईलाज करने के प्रति समर्पित होता है जिसका लक्ष्य होता है कि बिना चिकित्सा के सरलता से उन भागों के बढ़ने और ठीक होने में मदद करना जो दर्द से प्रभावित हुए हैं।

जिम्मेदारी: एक डाक्टर या नर्स की तरह, उसमें रोगी के प्रति समर्पण और संवेदना का होना जरूरी है। एक भौतिक चिकित्सक मालिश करने वाला नहीं है, परन्तु उसके पास विश्वविद्यालय का प्रशिक्षण है और वह गर्मी, सर्दी और जल चिकित्सा या शारीरिक पुनर्वास उपचार के द्वारा उनका इलाज करना और बचाव करना चाहता है।

अवसर: एक मसीही भौतिक चिकित्सक रोगियों को प्रोत्साहित कर सकता है, डॉक्टरों और दूसरे मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर अच्छे से काम कर सकता है, और इलाजों और विधि की आधुनिक जानकारी रख सकता है। क्योंकि भौतिक चिकित्सक जरूरत के समय बहुत से रोगियों के संपर्क में रहता है, इसलिए उसे साधारण परामर्श और परिवार और मित्रों के साथ सहायता करने के बहुत बड़े अवसर मिलते हैं।

प्रश्न और उत्तर

1. क्या परमेश्वर मुझे बुरी चीजों से छुड़ा सकते हैं?

निश्चित रूप से, वह हमारे लिए सबसे अच्छा चाहते हैं; हम सभी अलग-अलग प्रक्रियाओं से गुजरते हैं और कभी-कभी हमारे साथ 'बुरी चीजें' हो सकती हैं ताकि हम वो हासिल कर सकें जो परमेश्वर हमारे जीवन के लिए चाहते हैं। जब आपको कोई नकारात्मक अनुभव हुआ था, तो यह समझना मुश्किल रहा होगा है कि ऐसा क्यों हो रहा है। यदि हम स्वयं से यह पुछें कि हमने अपना केंद्र 'क्यों' खो दिया है। संसार में अच्छी और बुरी चीजें होती रहती हैं। यहां तक कि यीशु भी क्रूस पर जाने से पहले कष्टों से बच नहीं सके। उसे अपनी व्यक्तिगत प्रक्रिया में कदम को आगे बढ़ाना पड़ा। हमारे साथ भी ऐसा ही है ताकि हम भी, इस जीवन में आगे बढ़ सकें जो परमेश्वर ने हमारे तैयार किया है।

2. धोखे को क्षमा करना मुश्किल होता है। हम इसे कैसे क्षमा कर सकते हैं?

यह हम पर निर्भर करता है कि यह हमें कैसे प्रभावित करेगा, यीशु ने अपने स्वयं के ही एक चेले के द्वारा इस धोखे को अनुभव किया; ऐसा कोई जो हमेशा उसके साथ रहता था। लेकिन उस धोखे के समय उसे यहूदा के प्रति कोई गुस्सा या दुख नहीं था। वह जानता था कि उस स्थिति का परिणाम हम सभी के लाभ के लिए था। यीशु जानता था कि लोगों के मनों में क्या है (यूहन्ना 2:26) जिसमें धोखा शामिल होगा। हमें यह भी जानने की जरूरत है कि धोखा देने वाले को भी क्षमा करना संभव है।

3. क्या मैं अपने हृदय को चंगा कर सकता हूं?

हम इसे कर सकते हैं, लेकिन कई बार चोट लगने पर हमारे हृदय को ठीक करना मुश्किल होता है। हम जो कार्य करते हैं या करना बंद करते हैं, वह हमें दर्शा सकता है कि हमारा हृदय कैसा है। जब यीशु के साथ धोखा हुआ, तो इसमें कोई संदेह नहीं था कि उसने निराशा को महसूस किया, लेकिन उसी क्षण वह विनम्र भी था और उसने उसे पकड़ने वाले पहरेदार/दास में से एक पर दया की थी। उसने उसके कान को बदल दिया और ठीक कर दिया जिसे पतरस ने काट

दिया था। मैं यह नहीं जानता कि हम अगर उसकी जगह होते तो क्या हम भी उसी तरह से काम करते। उसने अपने कार्य के द्वारा यह दिखाया कि उसका हृदय बिगड़ा नहीं था।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

भ	अ	य	ह	रा	य	ह	अ	य	रा	सु	नो	अ	य	रा	ह	
ह	ह	नु	स्प	इ	च्छा	भ	नु	मि	रा	भ	स्प	ह	नु	नु	य	
द	स्प	य	अ	ह	रा	नु	त्र	स्प	ह	नु	चें	स्प	य	भ	ह	
य	भ	अ	रा	भ	य	ह	अ	य	रा	गा	नु	रा	अ	रा	दा	
य	ह	रा	ने	रा	स्प	ह	नु	नु	अ	य	स्प	ष्ट	ता	नु	स्प	
रा	अ	स्प	भ	त	अ	नु	भ	ह	रा	नु	ह	स्प	नु	रा	य	
अ	च्छा	ई	नु	य	ह	नु	ला	य	स्प	नु	य	भ	यी	नु	भ	
य	ह	स्प	ह	रा	स्प	अ	ई	नु	अ	क	नु	रा	नु	शु	ह	
दु	श्म	न	अ	नु	य	स्प	रा	ह	भ	सा	स्प	य	रा	स्प	य	
भ	अ	य	ह	भ	रा	ज	द्रो	ह	य	न	भ	ह	खो	ज	अ	

आप जो विश्वास करते हैं, उसी के अनुसार सवालों के जवाब दें।

1. आपके सबसे अच्छे दोस्त का नाम क्या है? जेसमिन
2. अगर आपका दोस्त आपको धोखा दे तो आप क्या करे गे? मैं बहुत दुखी हूँ
3. यदि आपका दोस्त आपको पैसे के लिए बेचे या आपके बारे में बहुत कुछ दूसरों को बताए तो आप क्या करें गे? मेरे साथ विश्वासघात और धोखा हुआ है।
4. आप क्या सोचते हैं कि यीशु ने सैनिक के कान को चंगा क्यों किया? क्योंकि इन सबके बावजूद भी, यीशु ने सभी के लिए असीम प्यार और दोस्ती दिखाई।
5. क्या आप यीशु की तरह किसी विश्वासघात को क्षमा कर सकते हैं और क्यों? बेशक, हाँ, यीशु ने मुझे माफ कर दिया है। तो मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकता?
6. आपको कब प्रार्थना करनी चाहिए? किसी भी समय में, जब भी हमारे साथ अच्छी या बुरी बातें होती हैं।



खेल

आप कौन हैं?



एक स्वयंसेवक से कमरे के बाहर आने के लिए कहें। जब स्वयंसेवक बाहर आता है, तब बाकी सहभागी उसके लिए एक व्यवसाय चुनते हैं। यह कक्षा के अध्यायों में बताई जाने वाली आत्मकथाओं का कोई पात्र भी हो सकता है। जब स्वयंसेवक वापस लौटता है, तो बाकी प्रतियोगी उस व्यक्ति की गतिविधियों का अभिनय करते हैं। स्वयंसेवक को उस व्यवसाय का अनुमान लगाना होता है जो उनके द्वारा की गई गतिविधियों के अनुसार उसके लिए चुना गया है।

गृहकार्य

इस सप्ताह यदि किसी ने आपके साथ अन्याय किया, धोखा दिया या डांटा हो, तो उसके साथ लड़ाई न करें। शांत रहें और उनके लिए प्रार्थना करें और परमेश्वर से आपको शांति देने के लिए कहें। अपने संडे स्कूल के शिक्षकों से बात करें कि आपको कैसा लगा।

अन्याय!

08

यीशु का मुकद्दमा : मरकुस 14:57-65, 15:1-15

नाटक (भाग 1)

एजेंट आज बहुत परेशान है। वह अपने समूह को बताता है कि उसके स्कूल की फुटबॉल की गेंद किसी ने ले ली है, और वे उसपर उसे ले जाने का आरोप लगा रहे हैं। उसने निश्चित रूप से उसे नहीं लिया है! उसने किसी को यह कहते सुना था कि उन्हें लगता है कि इसी ने ही ली है क्योंकि यह एक मसीही है, जो उसके लिए और गुस्सा दिलाने वाली बात थी। वह अपने मित्रों, अगुवे और जांचकर्ता के सामने अपना बचाव करता है। अगुवा उस पर विश्वास करता है और उसको समय में वापस पीछे जाने से पहले शांत करता है।

पाठ

पढ़ें मरकुस 14:55-65, 15:1-15

यीशु पूरी तरह से निर्दोष था। यहाँ तक कि उसके बारे में बोले गए झूठ पर भी विश्वास नहीं किया जा सकता था। यीशु ने आखिरकार अपने दोष लगाने वालों की सहायता यह कहकर की कि वह मसीह था, जो सच्चाई थी। धार्मिक अगुवों को लगा कि मृत्यु की सजा के लिए यह काफी था। क्योंकि उनके पास किसी को मारने का अधिकार नहीं था, इसलिए उन्होंने यीशु को पिलातुस के पास भेजा, जो एक रोमी अधिकारी था, लेकिन पिलातुस ने यीशु को न्याय के अनुसार निर्दोष पाया। फिर भी यहूदियों के अगुवों ने यीशु की मृत्यु की माँग करते हुए लोगों के झुण्ड को उकसाया।

इन सब में से, यीशु ने अपने आप का बचाव नहीं किया। हालांकि अगर उसने अपने बचाव के लिए कुछ बोला होता, तो वह मारा नहीं गया होता। परन्तु यीशु को पता था कि ऐसा होना जरूरी था ताकि हम बचाय जाएँ।

एक दोषी व्यक्ति को दण्ड देना सही और न्यायपूर्ण है। लेकिन यीशु ने तो कभी पाप नहीं किया था और फिर भी सबसे बुरे तरीके से उसको दण्ड दिया गया। उसने अब तक का सबसे बड़ा अन्याय हमारे लिए स्वेच्छा से सहन किया!!

याद करने की आयत

यशायाह 53:9 " उन्होंने दुर्जनों के मध्य उसकी कबर बनाई; एक धनवान की कबर में वह गाड़ा गया, यद्यपि उसने कोई हिंसा नहीं की थी, और न अपने मुंह से किसी को धोखा दिया था।"

नाटक (भाग 2)



जब वे वापस आए, वे यीशु के मुकद्मों के बारे में और इस बारे में बात कर रहे थे कैसे उसने अपने बचाव के लिए एक भी शब्द नही बोला, इसके बजाय उन्हें उसकी मृत्यु की घोषणा करने दी। एजेंट कहता है कि यह उचित नहीं है। अगुवा उन्हें प्रोत्साहित करता है कि परमेश्वर जो सब चीजों पर सर्वश्रेष्ठ है वह अन्त में न्याय करेगा। वे 1 पतरस 2:23 को पढ़ते हैं और देखतें हैं कि कैसे यीशु ने अपने आप को पिता के हाथों में समर्पित कर दिया जो न्यायी है। फिर वे फिलिप्पियों 2:5-11 को पढ़ते हैं और देखतें हैं कि अंत में यीशु को सबसे ऊँचे पर उठाया गया। एजेंट को अब बेहतर लग रहा है, यह जानते हुए कि परमेश्वर जो सब कुछ देखता है और जानता है कि उसने फुटबाल की गेंद नहीं लिया, अंत में न्याय करेगा।

न्याय

क्या आप पर कभी गलत आरोप लगाया गया है? यह वास्तव में बहुत तकलीफ देता है। हमें भी सावधान रहना है जब हम किसी पर किसी बात के लिए दोष लगाते हैं।

जीवनी (जज)

एक जज न्याय की अदालत का सबसे बड़ा अधिकारी होता है। वह दो लोगों के बीच के विवादों को सुलझाता या किसी एक जन की नियति जिस पर अपराध का आरोप लगाया गया हो, परीक्षण में प्रस्तुत साक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तय करता है। जज भी एक मनुष्य ही है और इसलिए वह इस बात से मुक्त नहीं हो सकता कि निर्णय लेने में वह कुछ गलती न करे।

जिम्मेदारी: न्याय दिलाने के लिए, जज को कानून की गहरी समझ होती है क्योंकि वे कानून के अनुपालन की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जज एक मनुष्य है, इसलिए वह निर्णय सुनाने में गलती करने से रहित नहीं है।

अवसर: एक मसीही जज के पास अवसर होता है कि वह सही न्याय करे और बहुत लोगों पर निगरानी रखें। वे न केवल अदालत की प्रणाली को प्रभावित कर सकता है बल्कि पुलिस की गतिविधियाँ, स्कूल और सार्वजनिक संस्थानों पर भी प्रभाव डाल सकता है। परमेश्वर के लिए वह सारी चीजें बहुत महत्वपूर्ण हैं, तो वह अपना अच्छा कार्य बहुत प्रभावशीलता के साथ कर सकता है जब जज उस पर अपना ध्यान रखे हुए होते हैं।

प्रश्न और उत्तर

1. धार्मिक होना क्या है?

यह उन लोगों को संदर्भित करता है जो इस कहानी में बाइबल के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करना चाहते हैं; वे केवल दूसरों पर आरोप लगाने के लिए अपने ज्ञान का उपयोग करना चाहते थे, लेकिन वे स्वयं पर उन आज्ञाओं को उसी तरह से लागू नहीं करते हैं। अक्सर, हम भी वही कर सकते हैं, हम दूसरों से वह मांग सकते हैं जो हम नहीं कर सकते।

2. तो क्या दोषी को दंडित किया जाना चाहिए?

जैसा कि हम आम तौर पर देखते हैं, पाप करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दंडित किया जाना चाहिए। लेकिन यीशु हमारे सोचने के तरीके को बदल सकता है। जब वे व्यभिचारिणी स्त्री को उसके पास लाए,तो उसने उसको पाप में पकड़ें जाने के बावजूद भी उस पर कोई दोष नहीं लगाया (यूहन्ना 8:1-11)। यीशु ने उस पर आरोप लगाने वालों से कहा, 'तुम में से जिसने कोई पाप न किया हो, वही पहिले उस को पत्थर मारे।' इससे हमें पता चलता है कि हमें ऐसे लोगों के साथ अधिक वैधानिक नहीं होना चाहिए जिन्होंने पाप किया है क्योंकि हम भी उनके जैसे स्थिति में हो सकते हैं।

3. जब मैं किसी चीज के बारे में अपने आप को दोषी महसूस करूँ तो मैं क्या कर सकता हूँ?

जब हमें लगता है कि हमने कुछ सही ढंग से नहीं किया है, तो हम अपने आप को दोषी महसूस करते हैं; हम कह सकते हैं कि यह एक अच्छा एहसास या भावना है क्योंकि हम यह मान रहे हैं कि हम गलत थे। उस परिस्थिति में सही काम यह होगा कि हम उस से सीखें और सही तरह से कार्य करने में सक्षम बनें। अगली बार जब ऐसा ही कुछ सामने आता है, तो क्षमा मांगें या नुकसान की भरपाई करें। 1 यूहन्ना को पढ़ें

पहेली जवाब

शब्द खोजो

अ	न्या	य	अ	धो	धा	पी	उ	द्धा	र	धा	क	अ
आ	धो	पी	आ	धा	आ	आ	धा	धो	अ	पी	धो	ब्र
अ	पी	धा	ब	अ	जा	वे	पी	ब	आ	ब	अ	पी
धो	आ	अ	चा	धो	दी	पी	गु	पी	धा	मां	आ	धो
खा	धा	धो	व	आ	धा	उ	धा	अ	ग	धा	ब	धा
दि	अ	अ	क	पी	अ	आ	धो	अ	पी	अ	आ	र्मि
या	आ	पी	र	ब	धो	पी	धा	पी	धा	धो	धा	क
अ	धा	भी	ना	आ	धा	आ	ला	उ	अ	ब	पी	अ
धो	ड़	अ	पी	पी	अ	ब	अ	तु	धा	उ	मृ	धो
आ	धो	अ	धा	ब	धो	पा	पी	आ	स	पी	आ	त्यु
पी	अ	धि	का	र	आ	प	ब	अ	धो	धा	अ	धो



खेल

हैलो हैलो



प्रतियोगी खड़े होकर एक गोल घेरा बनाते हैं। एक व्यक्ति घेरे के चारों ओर, बाहर की तरफ घूमता है और किसी के कंधे पर छूता है। वह व्यक्ति विपरीत दिशा में घेरे के चारों ओर चलता है, जब तक दो लोग आमने-सामने नहीं हो जाते। वे एक दूसरे को नाम से तीन बार नमस्कार करते हैं। फिर दो व्यक्ति घेरे के चारों ओर विपरीत दिशाओं में चलते हैं, जब तक कि वे खाली जगह नहीं ले लेते। जो व्यक्ति हार जाता है वह फिर से घेरे के चारों ओर घूमता है और खेल तब तक जारी रहता है जब तक सभी की बारी नहीं आ जाती।

गृहकार्य

यदि इस सप्ताह किसी ने आपके साथ कुछ अन्याय किया है, तो अपना बचाव न करें। परमेश्वर से कहें कि वह उस व्यक्ति को यह देखने में मदद करें कि उसने गलती की है और वह उसे स्वीकार करें। यदि वह ऐसा नहीं करता है, तो परमेश्वर को अपने समय में ऐसा करने दें।

मृत्यु में जीवन

09

यीशु का क्रूस पर चढ़ाया जानाः मत्ती 27:27-31, 45-54

नाटक (भाग 1)

एजेंट एक सवाल पूछते हुए अन्दर आता है। वह क्रोध के साथ संघर्ष कर रहा था, और जब कभी उसकी बहिन उसे झुंझलाती थी तब वह अधिकतर उस पर चिल्लाता है। और वह परेशान है क्योंकि वह भूल गया था कि उसने उद्धार के लिए कभी भी प्रार्थना की थी या क्या उसने सही प्रार्थना की थी। क्या परमेश्वर ने वास्तव में उसकी सुनी थी? क्या हो अगर वह अपनी बहन पर चिल्लाता, और उसके क्षमा माँगने से पहले कुछ बुरा हो जाता? अगुवा उसको दिलासा देता है, यह बोलते हुए कि उसे याद है जब एजेंट ने यीशु को ग्रहण किया था और यीशु ने पूरी तरह से उसके लिए दाम चुकाया था, जिसमें पुराने और भविष्यकाल के सभी पाप शामिल हैं। एजेंट पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है जब वे यीशु को क्रूस पर मरते हुए देखने का समय में पीछे वापस जाते हैं।

पाठ

सैनिक यीशु का मजाक उड़ाते हैं और उसे मारते हैं और उसको लकड़ी के क्रूस पर कीलों से ठोक टांग देते हैं। क्रूस पर मृत्यु धीरे और तकलीफ से भरी होती है, यह मरने का एक भयानक तरीका था। यह उतना ही बुरा था जितना कि संभवतः हो सकता है। परन्तु यह घटना इतनी प्रभावशाली थी कि पूरा संसार हिल गया। यहाँ तक कि गैर-धार्मिक लोगों ने पहचान लिया कि यह एक महत्वपूर्ण आत्मिक घटना थी और यह घोषित कर दिया कि यीशु निश्चित रूप से परमेश्वर का पुत्र था। पर्दा जो मंदिर में परमपवित्र स्थान को अलग कर रहा था, वह बीच से फट गया, जो इस बात का प्रतीक है कि अब हमारा परमेश्वर पिता से सीधा सम्बन्ध है।

हमारे पाप अब हमें परमेश्वर से अलग नहीं रख सकते क्योंकि वह हमें अपनी धार्मिकता मुफ्त उपहार के रूप में देता है। अब हम त्यागे हुए नहीं है बल्कि उसके परिवार में सम्मानित बेटे और बेटियों की तरह हमेशा के लिए शामिल हो सकते हैं। और अब हमें मृत्यु, दुश्मन या किसी चीज़ से डरने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि यीशु ने मृत्यू पर हमेशा के लिये जय पा ली है और हमें अपनी महिमामय अधिकार और सामर्थ पर पहुँच दी है।

इब्रानियों की पुस्तक यह स्पष्ट करती है कि वे महान लोग जो पहले आए थे और धार्मिक गिने गए थे, वे भी उसके योग्य नहीं थे बल्कि वे भी यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने के द्वारा बचाए

गए। यह हमेशा के लिए सबसे बड़ा निस्वार्थ कार्य है और यीशु ने यह सब हमारे लिए किया! हम कैसे उस उपहार को जिसके लिए यीशु मरा और यीशु को अपना प्रभु और उद्धारकर्ता ग्रहण करने से वंचित रह सकते हैं।

याद करने की आयत

यशायाह 53:5 " किन्तु वह हमारे पापों के कारण घायल हुआ; वह हमारे दुष्कर्मों के कारण आहत हुआ। उसने अपने शरीर पर ताड़ना-स्वरूप मार सही, और उसकी मार से हमारा कल्याण हुआ। उसने कोड़े खाए, जिससे हम स्वस्थ हुए।"

नाटक (भाग 2)

भूतकाल से वापस आने के बाद, समूह अभी भी उन्होंने जो देखा उसके लिए आश्चर्यचकित है। वे उस पीड़ा के बारे में बात करते हैं जिस से यीशु गुजरा था, कैसे उसे पहरेदारों ने पीटा था। फिर वे क्रूस पर उसके बारे में और हर जगह फेले अंधकार के बारे में बात करते हैं। फिर एजेंट ने उन्हें बताया कि यीशु ने कैसे कहा, "सब पूरा हुआ" (यूहन्ना 19:30) और एजेंट को तुरंत कैसे पता चला जब उसने कहा कि यीशु एजेंट के सभी पापों के बारे में बात कर रहा था! एजेंट बार-बार आस पास कूदते हुए कहता है, "सब पूरा हो गया है!" इसी बीच, अगुवा और जांचकर्ता भूकंप और चट्टानों के टूटने और उस हंगामे के बारे में बात करते हैं जब मृत लोग जीवित हो उठे।

न्याय

जिस तरह से, सबसे महत्वपूर्ण बात जो हम कभी किसी के लिए कर सकते हैं, वह है उन्हें यीशु की कहानी सुनाना और बताना कि कैसे उसने अपनी इच्छा से अपना जीवन दिया ताकि हम जी सकें!

जीवनी (चौकीदार)

चौकीदार उस व्यक्ति को दिया गया नाम है जो सुरक्षा से संबंधित सेवाएं प्रदान करता है। यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि यह बहुत ही लचीला घंटों वाला कार्य होता है और कई मामलों में काफी थकावट भरा काम है। कुछ व्यापारों और व्यवसायों में, सामान्य घंटों में बाहर खडे होकर काम करने वाले व्यक्ति को एक चौकीदार के रूप में जाना जाता है।

जिम्मेदारियां: आमतौर पर, कंपनियों के कार्यालय समय के दौरान एक चौकीदार होता है, और दूसरा उन घंटों के लिए होता है जिसमें वे बंद रहतीं हैं। दूसरे व्यक्ति को लम्बा समय बिताना होता है, और आमतौर पर अकेले रहकर और हर शोर, हर अजीब गतिविधि के लिए उसे हमेशा चौकस रहना पड़ता है।

अवसर: एक मसीही चौकीदार के पास कंपनी के लोगों और संसाधनों की देखभाल करने का अवसर होता है। चौकीदार लोगों के साथ प्यार से पेश आ सकता है लेकिन इस बात से सावधान रहें कि उस पर विशेष कार्य करने के लिए दबाव डाला जा सकता है जो कि नहीं होना चाहिए। ईमानदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। दयालु बनें, लेकिन हर किसी पर विश्वास न करें और यह सुनिश्चित करें कि आप अपनी नौकरी के लक्ष्यों का अनुपालन कर रहे हैं।

प्रश्न और उत्तर

1. क्या हम सभी परमेश्वर के बच्चे हैं?



नहीं, सही बात यह है कि हम सभी उसकी रचना या सृष्टि हैं। यह भ्रमित करने वाला शब्द है। परमेश्वर के बच्चे या संतान होने के लिए हमें यीशु मसीह को अपना उद्धारकर्ता और परमेश्वर के रूप में स्वीकार करना है। 'यूहन्ना 1:12' पढ़ें। अपने हृदय और जीवन को परमेश्वर को सौंपने के द्वारा, हमें उसके बच्चे बुलाए जाने का अधिकार मिलता है, इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

2. यीशु ने मेरे लिए अपनी जान क्यों दी?

क्योंकि वह आपसे प्रेम करता है। यह प्रेम का एक ऐसा कार्य है जिसके हम योग्य नहीं हैं, पढ़ें यूहन्ना 3:16 और ध्यान दें, 'परमेश्वर ने संसार से इतना प्रेम किया कि उसने अपना इकलौते पुत्र दे दिया।' परमेश्वर ने अपने बनाए गए लोगों से इतना प्रेम किया कि उसने वह देने का निर्णय लिया जिससे वह सबसे ज्यादा प्रेम करता था, वह है उसका पुत्र; ताकि उसकी मृत्यु से हम बच सकें। उसका लहू हमारे सारे दोषों को ढाँप देता है और उसी के कारण, परमेश्वर हमें अपने बच्चों के रूप में देखता है। यीशु एकलौते (केवल परमेश्वर द्वारा जन्मा) पुत्र से, पहिलौठा बन गया (वह जिसे सबसे बड़ी विरासत मिलती है)। यह एक ऐसा बलिदान है जिसे हमें याद रखना चाहिए और प्रेम करना चाहिए, और यही कारण है कि इसे अपने दोस्तों और परिवार के साथ बांटना महत्वपूर्ण है।

पहेली जवाब







खेल

तीन तीन में

शिक्षक विद्यार्थियों को प्रत्येक तीन खिलाड़ियों के कई समूहों में विभाजित करता है, जिससे आरंभिक स्थल पर पंक्ति बनती हैं। जब शिक्षक संकेत देता है, तो पंक्ति के शीर्ष पर स्थित व्यक्ति भाग जाते हैं, लक्ष्य तक पहुंचते हैं, वापस आते हैं और दूसरा विद्यार्थी तीसरे का हाथ पकड़ता है। वे तीनों फिर से लक्ष्य की ओर हाथों को छोड़े बिना भागते हैं और फिर से आरंभिक स्थल पर वापस जाते हैं। जो समूह सबसे पहले समाप्त करता है, वही जीत जाता है।



गृहकार्य

अपने माता-पिता या किसी ऐसे व्यक्ति से बात करें जिस पर आपको विश्वास है कि आप को कैसा महसूस हुआ जब आपको यह पता चला कि यीशु को क्रूस पर चढ़ाये जाते समय वह किस स्थिति से गुजरा और आप उस उद्धार के उपहार के बारे में कैसा महसूस करते हैं जो उसने आपको दिया है।

डाकू का उद्धार

10

क्रूस पर चोरः लूका 23:32-33, 39-43

नाटक (भाग 1)

जांचकर्ता का एक रिश्तेदार था जो काफी दूर रहता था और हाल ही में मर गया। वह अपने रिश्तेदार के बारे में चिंतित है, क्योंकि अपने पूरे जीवन में वह परमेश्वर का पालन नहीं कर रहा था, लेकिन उसके पिता ने यात्रा की और अंतिम क्षणों में उसके साथ प्रार्थना की। वह नहीं जानती कि इसके बारे में क्या सोचना है। इस पर चर्चा करने के लिए कि आगे क्या करना है, समूह ने यीशु के क्रूस पर चढ़ाये जाने को देखने के लिए, वापस समय में पीछे जाने का निर्णय लिया क्योंकि इतने कम समय में बहुत कुछ देखना था। अगुवे ने एक थोड़ी सी बातचीत सुनी थी जो महत्वपूर्ण लग रही थी जिसे वे पहली बार में सुनने से चूक गए थे। हालाँकि, यीशु को फिर से पीड़ित होते हुए देखने का विचार दर्दनाक लगता है, फिर भी वे कैसे भी वहाँ जाने का और एक अलग जगह पर छुपने का फैसला करते हैं जहाँ से वे बेहतर उस बातचीत को सुन सकते हैं।

पाठ

पढ़िए लूका 23:32, 33, 39-43

जब यीशु को क्रूस पर मार दिया गया था, तब उसके साथ दो अपराधियों को भी मारा गया था। यीशु ने उनमें से एक के साथ एक छोटी, सरल बातचीत की। इस आदमी ने यीशु को उसे याद रखने के लिए कहा। यीशु ने उस आदमी से कहा कि वह स्वर्गलोक में यीशु के साथ रहेगा। फिर से, हम देखते हैं कि इतनी पीड़ा में होने के बावजूद भी यीशु ने समय निकालकर किसी के साथ बात करने का प्रयास किया।

हम यह नहीं जानते कि चोर ने ऐसा क्या अपराध किया था जिसके कारण वह क्रूस पर चढ़ाया गया। उसी तरह, हमने जो भी गलत काम किया है उससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि यीशु का सिद्ध बलिदान जो उसने अपनी इच्छा से दिया, वह किसी भी चीज से अधिक सामर्थशाली है। यीशु ने अपनी इच्छा से हमारे लिए अपना प्राण दिया कि हम उसके साथ अनंत जीवन जी सकें! यह सबसे सरल, और सीधा वर्णन है कि हम कैसे यीशु के माध्यम से अपने पापों से बचाये जा सकते हैं।

याद करने की आयत

रोमियों 10:11 "धर्मग्रन्थ कहता है, “जो कोई उस पर विश्वास करता है, उसे लज्जित नहीं होना पड़ेगा।”

नाटक (भाग 2)



वापस आकर, जांचकर्ता को राहत मिली और वह आनंदित है कि यीशु के साथ मारा गया वह चोर भी बचाया जा सका और यीशु ने उसे स्वर्ग में उसी अवस्था में ही आमंत्रित किया था। वह समूह इस बात पर चर्चा करता है कि जिस तरह, चोर के अतीत और भविष्य के पापों को क्रूस पर यीशु की मृत्यु से ढांप दिया गया है, ऐसे ही जांचकर्ता के रिश्तेदार के पापमय जीवन को भी यीशु द्वारा ढांप दिया गया है। निश्चित रूप से, इस जीवन में यीशु के साथ रहना और उसके प्रेम और आनंद और शांति का अनुभव करना उस अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा करने से उत्तम है। लेकिन वे निष्कर्ष निकालते हैं कि परमेश्वर उदार है, और यीशु का लहू सामर्थशाली है।

न्याय

जिस तरह हम यीशु के उपहार को स्वीकार कर सकते हैं चाहे हम कहीं से भी आए हों या हमने क्या किया हो, इसी तरह से दूसरे लोग भी परमेश्वर के मुफ्त उपहार को स्वीकार कर सकते हैं चाहे वे कहीं से भी हों या उन्होंने कुछ भी क्यों न किया हो।

जीवनी (गायक)

एक गायक वह है जो एक अनुभवी प्रदर्शन करता है जिसने एक गायक के रूप में अपना भविष्य बनाने के लिए अध्ययन किया है। गायक, निश्चित रूप से गायन के लिए समर्पित है, और इसे करने के लिए वह वेतन प्राप्त करने की आशा करता है।

जिम्मेदारियां: गायक को गायन प्रशिक्षण का अनुशासन बहुत सावधानी और अभ्यास के साथ बनाए रखना चाहिए, क्योंकि इसी तरह से गायक अपनी जीविका अर्जित करता है। यदि गायक लोकप्रिय हो जाता है, तो उसे सदा परमेश्वर को महिमा देना महत्वपूर्ण है और याद रखें कि संगीत के साथ हम एक-दूसरे को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

1 कुरिन्थियों 14:26

अवसर: मसीही गायकों का दायित्व है कि वे न केवल संगीत का ज्ञान रखें, बल्कि परमेश्वर के साथ एक गहरा सम्बन्ध बनाए रखें। वे परमेश्वर द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक उपकरण हो सकते हैं, विशेषकर जब कलीसिया में मिल कर परमेश्वर की महिमा करते हैं।

वर्तमान समय में सोशल मीडिया के साथ खुद को एक गायक के रूप में जोड़ना आसान है, और कुछ ने इसी तरह लोकप्रियता हासिल भी की है। गायक परमेश्वर की उपस्थिति का अनुभव कर सकता है और परमेश्वर द्वारा दूसरों को उसकी उपस्थिति का अनुभव कराने में इस्तेमाल हो सकता है।

प्रश्न और उत्तर

1. क्या मैं मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करके उद्धार पा सकता हूं?

यह बहुत आसान है। यदि यह पूरी सच्चाई से किया जाता है, तो आप अपने कार्यों से दिखाएंगे कि वह आपके जीवन का प्रभु है। वे कार्य जो यह दिखाते हैं कि आप बच गए हैं, वे सभी के लिए अलग-अलग होते हैं, और कभी-कभी यह परिवर्तन धीरे-धीरे होता है और कभी कभी यह तुरंत स्पष्ट दिखता है। और कभी-कभी कुछ लोग यीशु को किसी पुरस्कार या लाभ के लिए अपना उद्धारकर्ता मानते हैं, इसलिए यह वास्तविक नहीं है।



2. क्या क्रूस पर उस चोर को उसके दोषों के बावजूद बचाया जाना उचित था?

यीशु ने पहचाना कि उस चोर ने स्वयं को दीन कर लिया था और वह यीशु के लिए खड़ा था। इससे यह पता चलता है कि उस चोर ने पश्चाताप किया था, और यीशु की तुलना में कोई और यह बताने में सक्षम नहीं होगा कि क्या वह सच्चा था या नहीं। याद रखें, हम यह निश्चित नहीं कर सकते कि उद्धार कैसे होना चाहिए, लेकिन इसके बजाय, हम यह जानने के लिए बाइबल पढ़ते हैं कि हम इसके विषय में क्या कर सकते हैं।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

भ	बा	चो	र	भ	बा	भ	स्व	बा	थी	भ
या	स्व	भ	या	स्व	दं	ड	या	अ	स्व	शु
भ	अ	थी	स्व	बा	भ	स्व	क्रू	भ	बा	अ
रो	या	शु	अ	पा	ब	स	अ	ब	भ	या
सा	भ	बा	या	स्व	प	बा	स्व	लि	बा	स्व
बा	या	स्व	भ	अ	ब	भ	या	दा	भ	या
उ	भ	स्व	गं	लो	क	ब	स्व	न	अ	द
भ	द्धा	बा	या	अ	बा	या	स	या	ब	क
न्या	बा	र	स्व	भ	स्व	म	ब	बा	भ	र
य	स्व	भ	ब	अ	य	बा	स्व	अ	स्व	ना
बा	या	अ	स्व	बा	या	स्व	भ	ब	बा	अ
बा	त	ची	त	भ	या	अ	प	रा	ध	भ



खेल

जो अंतिम होगा वही पहला होगा

सभी प्रतियोगी आरंभिक रेखा पर खड़े होते हैं और जब शिक्षक संकेत देता है, तो "भागते हुए" बाहर आते हैं जैसे कि उन्हें धीमी गति में फिल्माया जा रहा हो। जो आखिर में लक्ष्य तक पहुंचता है वह विजेता होगा।

गृहकार्य

उन चीजों की एक सूची बनाओ जिन पर आपको भरोसा है कि परमेश्वर आपकी मदद कर सकते हैं। इस पर किसी से बात करें। सूची के अंत में रोमियों 10:11 की आयत को रखें, "क्योंकि पवित्र शास्त्र यह कहता है कि जो कोई उस पर विश्वास करेगा, वह लज्जित न होगा"।

सबसे बुरा दिन सबसे अच्छा दिन बन गया

11

यीशु का पुनरुत्थानः मत्ती 27:57-61, 28:1-10, लूका 24:36-48

नाटक (भाग 1)

एजेंट आज हैरानी के साथ आता है। वह टीम से पूछता है कि यीशु को हमारे लिए क्यों मरना पड़ा? फिर भी हम जीते हैं जबकि वह मर चुका है? अगुवा उसे बताता है कि यीशु मरा नहीं है। एजेंट प्रतिक्रिया करता है कि वह निश्चित रूप से मर चुका है क्योंकि उन्होंने वापस समय में पीछे जाकर यह होते हुए दो बार देखा है! यीशु मरा हुआ कैसे नहीं हो सकता जबकि उसने अपनी आंखों से ऐसा देखा है? अगुवा उत्साहित होता हैं जब वे समय में वापस जाने की तैयारी करते हैं, लेकिन वह एजेंट का जवाब एक आश्चर्य के रूप में छोड़ देता है ताकि वह उसे खुद अपनी आंखों से देख ले।

पाठ

पढ़िए मत्ती 27:57-61

जहाँ तक यीशु के चेलों का संबंध था, यह उनके लिए अंत था। यह कहना कि वे निराश थे, एक बड़ा निम्न विचार होगा।

यह यीशु के अनुयायियों के लिए कितना भयानक रहा होगा। उन्होंने यह विश्वास कर लिया था कि यीशु ही मसीहा थे जिसके बारे में महान भविष्यवक्ताओं ने भविष्यवाणी की थी कि वह आकर इस्राएल को बचाएगा। उन्होंने यीशु के पीछे चलने के लिए अपने काम और परिवारों को छोड़ दिया था। अब, यीशु मर चुका था और उसके साथ उनके सपने भी खत्म हो चुके थे।

लेकिन यीशु लंबे समय तक मृत नहीं रहा...

पढ़िए मत्ती 28:1-10 और लूका 24:36-48

कितना आश्चर्यजनक था! यीशु ने जो कहा वह सच था! यीशु जीवित हैं! अगले कुछ दिनों में, यीशु ने अपने आपको सैकड़ों लोगों को जीवित दिखाया। वे कितने खुश हुए होंगे!

कभी-कभी हमें सिर्फ यीशु को देखने की जरूरत होती है। जब चीजें कठिन हों, तब हम उसे खुद को प्रकट करने के लिए कहें, फिर उसे और उसकी सामर्थ को हमारे जीवन में और हमारे आसपास के लोगों के जीवन में काम करते हुए देखें।

यीशु ने अपनी मृत्यु और पुनरुत्थान की भविष्यवाणी की थी!! उन्होंने सभी संदेहों को दूर करते हुए, अपनी महान सामर्थ दिखाई, और हम उन पर भरोसा कर सकते हैं और अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में उनका अनुसरण कर सकते हैं।

याद करने की आयत

इब्रानियों 11:1 " विश्वास उन बातों का पक्का निश्चय है, जिनकी हम आशा करते हैं और उन वस्तुओं के अस्तित्व के विषय में दृढ़ धारणा है, जिन्हें हम नहीं देखते।."

नाटक (भाग 2)

जब वे वापस आये, तो वे सभी बहुत आनंदित थे, विशेष रूप से एजेंट, जो पहले नहीं जानते थे कि यीशु मृतकों में से जी उठे हैं! वे चर्चा करते हैं कि यीशु को कैसे दफनाया गया था, फिर सुबह महिलाएँ गईं और स्वर्गदूत ... लेकिन उनका पसंदीदा हिस्सा वह था जब एक आदमी उन स्त्रियों के पास पहुंचा और अचानक उन्हें एहसास हुआ कि वह आदमी यीशु ही था! वे चर्चा करते हैं कि शिष्यों के द्वारा कमरा बंद करने से पहले उन्हें कैसे सावधानी से उसमें घुसना था, यह अब तक का सबसे कठिन मिशन किया था, उसके बाद यीशु अचानक कमरे में कैसे दिखाई दिए! एजेंट उत्साह से उन्हें यह बताता है कि इसका क्या मतलब है और किसी दिन उसके पास यीशु के जैसे एक नया शरीर होगा जो अचानक किसी स्थान पर दिखाई दे सकता है और मछली खा सकता है, हालांकि वह स्वयं चिकन पसंद करेगा। वह इस बारे में अगुए से पूछता है जो जवाब देता है कि वह नहीं जानता कि हमारे नए शरीर कैसे होंगे, लेकिन वे निश्चित रूप से अच्छे होंगे!

न्याय

हर कोई कभी-कभी हतोत्साहित हो जाता है। आइए उन दोस्तों के साथ दुखी हों जो दुःख महसूस कर रहे हैं। लेकिन फिर उन्हें अपने अच्छे परमेश्वर की याद दिलाएँ जो हमें बुरी परिस्थितियों में से बाहर निकालता है।

जीवनी (मिशनरी)



मिशनरी वह व्यक्ति है जिसे परमेश्वर ने बुलाया है और कभी-कभी अपने देश और अपनी संस्कृति को छोड़कर दूसरी जगह चले जाते हैं।

कुछ लोगों का मानना है कि मिशनरी लोगों को अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर करता है, यही कारण है कि कई देशों में जहां के लोग अन्य देवताओं की पूजा करते हैं, उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं है या जो पहले से ही उन स्थानों पर हैं उनके साथ बुरा व्यवहार होता है या वे मारे भी गए हैं।

जिम्मेदारियां: उन्हें एक नई जगह पर जाने से पहले यह जानने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है कि जहां वे सेवा करते हैं वहां नई संस्कृति अपनाने के लिए कैसे अनुकूल बने, "दुर्लभ" खाद्य पदार्थ खाना सीखते हैं, एक अलग शैली के कपड़े पहनते हैं, उस स्थान की भाषा समझते और सीखते हैं, लेकिन इन सब से ऊपर आप जिस भी संस्कृति में हों, सुसमाचार

को साझा करते समय बहुत सावधान रहें, ताकि दरवाजे खुले रहें। जब आप अपने देश या मूल स्थान से बाहर हों तो अपनी भावनाओं की देखभाल करें।

अवसर: मिशनरी हमारे परमेश्वर में विश्वास के उदाहरण हैं, कठिन परिस्थितियों के बीच उनके प्रावधान, साथ ही साथ परमेश्वर में द्वार खोलने और जीवन को बदलने और सच्चाई में बने रहने की सामर्थ है। एक मिशनरी एक ऐसा व्यक्ति है जो उस कार्य के लिए पूरी तरह से समर्पित है और आमतौर पर पूरे समर्पण, भक्ति और प्रेम के साथ यीशु के पदचिन्हों पर चलने और महान आदेश को पूरा करने के लिए समर्पित होता है।

प्रश्न और उत्तर

1. क्या जो बाइबल बताती है वह आज भी सच है?

परमेश्वर का वचन कभी समाप्त नहीं होता है, यीशु के जन्म से कई साल पहले जिन चीजों का उल्लेख किया गया था, वे सब पूरी हुईं। अब हम देख सकते हैं कि वहां जो वायदे लिखे गए हैं, वे हमारे जीवन में कैसे पूरे हो रहे हैं। यदि आपके पास थोड़ा सा भी विश्वास है, तो आप उन वायदों को पूरा होता हुआ देखेंगे।

मत्ती 24:35 को पढ़ें और केवल विश्वास करें।

2. कठिन समय में परमेश्वर के लिए विश्वासयोग्य बने रहना मेरे लिए क्यों मुश्किल है?

इस तरह से संदेह करना और महसूस करना आसान होता है कि हम आगे नहीं बढ़ सकते। कठिन समयों में, उदाहरण के लिए, जब आपके पिताजी अपनी नौकरी खो देते हैं और आपको वापस स्कूल जाना होता है, या आपकी माँ कोविड जैसी भयंकर बीमारी की शिकार हो जाती हैं, तब आपकी याददाश्त और आपके मन में दबे हुए परमेश्वर के वचन आपको विश्वास रखने में मदद करेंगे। जरा सोचिए कि जब यीशु की मृत्यु क्रूस पर हुई थी तब शिष्यों ने क्या महसूस किया होगा। जो उन्होंने विश्वास किया था, उनका आत्मविश्वास, उनकी आशाएँ भी लुप्त या मिट रही थीं,लेकिन उस समय यीशु के वचन ही थे जिसने उनकी मदद की।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

पु	न	रू	त्था	न	य	पु	प	चे	य	पु	य
य	स	म	य	जी	नि	भ	ले	उ	मृ	नि	रू
पु	नि	य	पु	प	नि	जी	भ	त्यु	य	भ	श
अं	प	भ	जी	भ	भ	श्व	जी	उ	पु	जी	ले
ति	य	आ	नि	वि	य	उ	य	भ	प	व	म
म	पु	भ	शा	ष्य	जी	भ	नि	जी	म	न	य
प	य	नि	भ	ह्व	उ	य	उ	सी	पु	का	उ
य	सा	जी	पु	क्ता	भ	नि	ह	जी	प	ल	द्धा
पु	र	प	य	नि	जी	पु	य	भ	नि	य	र
प	रि	स्थि	ति	भ	प	नि	श्चि	त	ता	नि	पु





खेल

नीले और लाल

शिक्षक दो समान समूह बनाता है, जिनमें से एक "लाल" और दूसरा समूह "नीला" होगा। दोनों समूहों को एक दूसरे के सामने वाली पंक्तियों में रखा गया है। आदेश देने वाला शिक्षक ही होगा। उदाहरण के लिए, जब वह कहता है "लाल" तब इस समूह को अपने पीछे स्थित पहले से स्थापित आश्रयस्थान की ओर भागना होगा। यदि लाल नीले को पकड़ लेता है, तो नीला लाल बन जाएगा और विरोधी समूह में शामिल हो जाएगा। वह समूह जो दूसरे समूह के अधिक खिलाड़ियों को अपने समूह में शामिल कर लेता है, वह जीत जाता है।



गृहकार्य

रात के खाने के दौरान, मण्डली में की गई किसी भी गतिविधि में सबसे अच्छा अनुभव अपने परिवार के साथ बांटें। उन्हें यह भी बताएं कि ऐसा क्यों हैं।

असाधारण विश्वासी

12

शाऊल विश्वास करता हैः प्रेरितों के काम 9:1-20

नाटक (भाग 1)

एजेंट आज यह सोचते हुए अन्दर आता है कि परमेश्वर ने उसे बचाने के लिए क्यों चुना? वह एक मसीही घर से नहीं आता है, और वह परमेश्वर के बारे में बहुत कम जानता है। उत्साहित होने के दौरान, वह इस बात से हैरान है कि परमेश्वर उसे बचाएंगे और सभी लोगों में उसकी मदद करेंगे, भले ही उसने पहले कई गलत काम किए हों। अगुवे का सुझाव है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की ओर अधिक ध्यान से देखें जिसे बचाना असंभव था परन्तु परमेश्वर ने उसे बचाया था। वे शाऊल (पौलुस) से मिलने के लिए समय में वापस पीछे चले जाते हैं।

पाठ

यीशु को क्रूस पर चढ़ाने के बाद भी, धार्मिक अगुवों ने लोगों को यीशु पर विश्वास करने से रोकने की कोशिश की। शाऊल नाम का एक व्यक्ति जो एक कट्टर धार्मिक अगुवा था वह सोचता था कि मसीहियों को सताने के द्वारा वह वही कर रहा है जो परमेश्वर चाहता था।

पढ़िए प्रेरितों के काम 9:1-22

हनन्याह को परमेश्वर की अगुवाई में शाऊल के पास जाने के लिए बहुत विश्वास की आवश्यकता था जो मसीहियों को नुकसान पहुंचा रहा था। लेकिन, अविश्वसनीय परिणामों को देखें! यीशु के साथ सामना होने पर शाऊल का पूरा जीवन बदल गया। शाऊल (जिसे पौलुस भी कहा जाता है) एक गुस्से वाले आदमी से बदलकर एक प्यार करने वाला व्यक्ति बन गया, अब वह दूसरों को परमेश्वर के प्यार के बारे में बता रहा था। उसने लोगों को यीशु के बारे में बताते हुए दुनिया भर की कई यात्राएँ की। उसने कई कलीसियाएं आरम्भ की और इतिहास में सबसे प्रभावशाली मसीहियों में से एक बन गया। परमेश्वर, पौलुस से इतना प्रसन्न था कि उस ने बाइबल में पौलुस की लिखी कुछ बातों को भी स्थान दिया!

हम भी हनन्याह और पौलुस की तरह हो सकते हैं, यीशु के बारे में लोगों को बताते हुए और कैसे हम उसके पीछे चल सकते हैं। हो सकता है कि हम कभी भी पृथ्वी पर यह नहीं देख पायें कि परमेश्वर हमारे माध्यम से या उन लोगों के माध्यम से जिनका हम यीशु से परिचय कराते हैं, किस तरह उपयोग करते हैं, लेकिन स्वर्ग में हम आश्चर्यचकित होंगे और परमेश्वर के लिए प्रसन्नता और प्रशंसा से भर जाएंगे जब हमें पता चलेगा कि परमेश्वर ने हमारे जीवन के माध्यम से क्या किया।

याद करने की आयत

प्रेरितों 1:8 "किन्तु पवित्र आत्मा तुम पर उतरेगा और तुम्हें सामर्थ्य प्रदान करेगा और तुम यरूशलेम में, समस्त यहूदा और सामरी प्रदेशों में तथा पृथ्वी के अन्तिम छोर तक मेरे साक्षी होगे।"

नाटक (भाग 2)

वर्तमान समय में वापस आते हुए, वे शाऊल नाम के व्यक्ति के अविश्वसनीय जीवन परिवर्तन पर चर्चा करते हैं। वे चाहते हैं कि काश जो शाऊल ने दर्शन में देखा था वे भी देख पाते, लेकिन किसी को अंधे होते हुए देखना और फिर वापस उसका देखने लगना वास्तव में आश्चर्यजनक था। एजेंट को पता चलता है कि यदि परमेश्वर एक ऐसे व्यक्ति को बचा सकता है जो मसीहियों को मारने और कैद करने की कोशिश कर रहा था, तो परमेश्वर निश्चित रूप से उसे भी बचा सकता है। लेकिन किस लिए? अगुवे ने संक्षेप में बताया कि कैसे शाऊल (जिसने बाद में अपना नाम बदलकर पौलुस कर लिया) ने दुनिया भर में जाना और लोगों को यीशु के बारे में बताना आरंभ किया और बाइबल के नए नियम की कई पत्रियों को लिखा! एजेंट इस बात से उत्साहित है कि परमेश्वर उसके माध्यम से क्या कर सकता है।

न्याय

कभी-कभी परमेश्वर हमें किसी से बोलने के लिए प्रेरित करते हैं कि वे किसी के साथ कैसा बुरा व्यवहार कर रहे हैं। जब हम उसकी अगुवाई में चलते हैं तो महान चीजें हो सकती हैं।

जीवनी (बाजीगर)



वह व्यक्ति, जो जोखिम उठाकर बड़े कौशल के साथ, कूदता है, नृत्य करता है या प्रदर्शन के एक भाग के रूप में झूले, मोटे रस्से, आदि पर कोई अन्य व्यायाम करता है।

जिम्मेदारियां: एक बाज़ीगर एक ऐसा कलाकार होता है जो एक दिनचर्या विकसित करता है जहां वह संतुलन, शक्ति, एकाग्रता और कूदने की क्षमता से संबंधित विभिन्न कौशल दिखाता है। यह कहा जा सकता है कि बाज़ीगरी कला और खेल का एक मिश्रण है। मसीह से कई साल पहले, ऐसे कई लोग थे जो सार्वजनिक रूप से, अक्सर अनुष्ठान के लिए बाज़ीगरी या कलाबाजियां दिखाया करते थे।

अवसर: मसीही कलाबाजों या बाज़ीगरों के पास किसी कार्यक्रम में भीड़ को आकर्षित करने या मसीह के बारे में गवाही देने का अपने कार्यों के माध्यम से अवसर होता है। यह कुशल और

अनुशासित लोगों को भी स्वस्थ होने के लिए गंभीरता से प्रोत्साहित करता है जो समय का सकारात्मक उपयोग है।

एक्रोबैटिक बाज़ीगरों के मामले में, यह एक ऐसा खेल है जहां खिलाड़ी एक-दूसरे के साथ मुकाबला करते हैं और विभिन्न अंक प्राप्त करते हैं। प्रतियोगियों को संगीत के साथ-साथ अलग-अलग कलाबाजी करनी चाहिए, जिससे उन्हें अपनी नृत्यकला विकसित करने की अनुमति मिलती है। ये अधिक भीड़ को आकर्षित करते हैं और बेहतर गवाही दे सकते हैं।

प्रश्न और उत्तर

1. क्या मैं मौलिक रूप (पूरी तरह) से बदल सकता हूं?

हां, लेकिन यदि हम इसे स्वयं से करने की कोशिश करेंगे तो यह लगभग एक असंभव लक्ष्य होगा। लेकिन बिन्दु यह है कि हम अपने जीवन, भावनाओं और विचारों को मसीह यीशु में छोड़ दें। इस तरह हम मौलिक रूप से (जड़ से) बदल सकते हैं क्योंकि हमारी सारी सामर्थ्य परमेश्वर पर निर्भर करती है। इतिहास में हम शाऊल के स्वाभाविक परिवर्तन को देखते हैं जो कलीसिया को सताने वाले से प्रेरित बन गया जिसे परमेश्वर ने पूरी दुनिया को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल किया और जिसने नए नियम में सबसे अधिक लेख लिखे। प्रेरितों के कामकी पुस्तक शाऊल से बदलकर बने पौलुस के 'साहसिक कार्यों' को वर्णन करती है कि वह कैसे मौलिक रूप से बदल गया था।

2. मैं परमेश्वर द्वारा बताई गई बात को हमेशा क्यों नहीं समझ पाता?

परमेश्वर हर एक के साथ अलग-अलग तरीकों से काम करते हैं। यह आपके हाथ की उंगलियों की तरह है; उनके अलग-अलग कार्य होते हैं, लेकिन वे सभी उपयोगी हैं। कभी-कभी हम यह नहीं समझ पाते कि कोई ऐसा काम क्यों करना चाहता है जो हम नहीं करेंगे और हम उनके उस मनोभाव का कारण नहीं समझ सकते। हम यह नहीं जान पाते कि परमेश्वर ने उस व्यक्ति से क्या कहा है। पतरस और पौलुस के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। पतरस अन्यजातियों को उद्धार के बारे में बताने के लिए सामर्थी नहीं था, लेकिन परमेश्वर ने उस कार्य को पौलुस को सौंप दिया था।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

वि	सा	य	वि	ग	वा	ह	सा	वि	य	क्रू	य	वि	य	य	वि
य	य	भू	सा	य	वि	सा	शा	सा	क्रू	य	सा	शा	श्वा	क्रू	य
हू	य	क्रू	मि	शा	अ	य	क्रू	म	वि	य	शा	य	सा	सी	य
दा	क्रू	सा	वि	बा	गु	सा	य	रि	शा	क्रू	ऊ	वि	शा	बा	क्रू
वि	य	आ	य	य	वे	प्र	क्रू	या	य	प्र	ल	क्रू	य	य	पा
य	क्रू	सा	नं	सा	क्रू	वि	प्र	प्र	बा	वि	य	बा	वि	सा	ना
सा	य	वि	य	द	शा	सा	शं	आ	वि	श्वा	स	सा	शा	क्रू	वि
शा	य	रू	श	ले	म	क्रू	सा	सा	क्रू	य	य	वि	य	दि	य
बा	इ	ब	ल	सा	य	वि	य	क्रू	सी	क	र	ण	क्रू	सा	शा

बताइए कि पौलुस अपने परिवर्तन से पहले और बाद में कैसा था।

शाऊल	पौलुस
उसने मसीहियों को मार डाला	उसने सुसमाचार का प्रचार किया
धार्मिक अगुवे	वह अब सबसे प्रेम करता है
उसने उन्हें मसीह पर विश्वास करने से रोका	उसने दुनिया भर में यात्रा करते हुए यीशु के सुसमाचार का प्रचार किया
उसने मसीहियों को जेल में डाला	उसने कई कलीसियाएं शुरू किए

खेल

एक ओर से दूसरी ओर



शिक्षक समूह को दो पंक्तियों में विभाजित करता है। जब शिक्षक संकेत देता है, तो पंक्ति के शीर्ष पर स्थित खिलाड़ी बगल में (एक तरफ की ओर) चलते हैं, जिससे उनका दाहिना हाथ समापन रेखा की ओर चला जाए। जब वे समापन रेखा तक पहुँचते हैं तो वे बगल (एक तरफ की ओर) में बिना पीछे मुड़े चलते हैं। जब वे बाकी समूह के पास पहुँचते हैं, तो वे अगले खिलाड़ी को रेखा में स्पर्श करते हैं और पंक्ति में पीछे जाते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी बदले में ऐसा ही करता है, जब तक सभी दौड़ न लें। पहले स्थान पर आने वाला समूह जीत जाता है।

गृहकार्य

कक्षा को यह बताएं कि आपने यीशु पर कैसे विश्वास किया और आपको उसके बारे में किसने बताया। और यदि आपको यीशु के बारे में प्रचार करना होता, तो क्या आप पास्टर, प्रचारक या फिर कोई अन्य कार्य करते।

क्या मैं भी आ सकता हूँ?

13

पतरस ने उद्धार का उपदेश दिया: प्रेरितों के काम 2:1-14, 36-40

नाटक (भाग 1)

जांचकर्ता और एजेंट यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान के बारे में पूरी तरह से आश्वस्त हैं और विश्वास करते हैं कि परमेश्वर उनका उपयोग कर सकते हैं। पर कैसे? अगुवे ने सुझाव दिया कि वे यह देखने के लिए समय में वापस पीछे जाएंगे कि चेलों ने यीशु के स्वर्ग जाने के बाद क्या किया?

पाठ

पढ़िए प्रेरितों 2:1-14, 36- 40

पतरस ने हाल ही में यीशु को जानने से इनकार कर दिया था। मरे हुओं में से जी उठने के बाद अब वह यीशु से मिला था, यीशु ने उसे वापस स्वीकार कर लिया था, और पतरस परमेश्वर के पवित्र आत्मा से भर गया था। उसके शोक को आनंद में बदल दिया गया था। परमेश्वर की इस नई-सामर्थ ने उसे नीचे उतरने और भीड़ से बात करने में मदद की। उसने उनसे कुछ कठिन बातें कही, लेकिन उन्हें उद्धार का रास्ता भी बताया।

हम सभी ने ऐसे काम किए हैं जो गलत हैं। हमने झूठ बोला है या दूसरों के लिए स्वार्थी या मतलबी रहे हैं, यह चीजें जिन्हें पाप कहा जाता है। क्योंकि हम पाप में पैदा हुए हैं, हम परमेश्वर से अलग हो गए हैं, हम शर्म में और उसके परिवार के बाहर पैदा हुए हैं, और हम अन्धकार और मृत्यु की शक्ति के अधीन पैदा हुए हैं। लेकिन वहां एक अच्छी ख़बर भी है! यीशु क्रूस पर हमारे लिए मर गया और फिर से जीवित हो गया है! यीशु पर विश्वास करने से हमारे जीवन में वह पाप की सामर्थ टूट जाती है जो हमें परमेश्वर के संबंध में वापस लाता है, सभी शर्मिन्दगी को दूर करता है और हमें अनंतकाल के लिए उसके परिवार में ले आता है, और हमें अंधकार की शक्ति से मुक्त करता है और हमें उसके प्रकाश और प्रेमपूर्ण अधिकार में लाता है।

यदि आप यीशु के माध्यम से परमेश्वर का उपहार स्वीकार करना चाहते हैं, तो बाइबल बताती है कि कोई विशेष प्रार्थना नहीं है जो हमें करने की आवश्यकता है, परन्तु इस तरह का कुछ भी काम हम कर सकते हैं। यीशु उत्सुकता से आपका इंतजार कर रहे हैं।

“हे प्रभु यीशु, मैं आपको व्यक्तिगत रूप से जानना चाहता हूं। मेरे पापों के लिए क्रूस पर बलिदान होने के लिए आपका धन्यवाद। मैं अपने जीवन का द्वार खोलता हूं और आपको अपने उद्धारकर्ता

और प्रभु के रूप में ग्रहण करता हूं। मेरे पापों को माफ करने और मुझे अनंत जीवन देने के लिए धन्यवाद। मेरे जीवन के सिंहासन का नियंत्रण ले लीजिये। मुझे उस तरह का व्यक्ति बनाइये जैसा आप चाहते हैं कि मैं बनूँ।''

यदि आप बस ऐसे प्रार्थना करते हैं, तो स्वर्ग में बहुत आनंद होता है!

याद करने की आयत

योहन 3:16 " "परमेश्वर ने संसार से इतना प्रेम किया कि उसने उसके लिए अपने एकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो कोई उस में विश्वास करता है, वह नष्ट न हो, बल्कि शाश्वत जीवन प्राप्त करे।."

नाटक (भाग 2)

वर्तमान समय में आकर, समूह बहुत उत्साहित है। उन्होंने अभी पतरस को एक विशाल भीड़ के सामने खड़े होकर साहसपूर्वक बोलते देखा, एक अशिक्षित मछुआरा जिसने यीशु का इनकार किया था। अगुवा, एजेंट और जांचकर्ता को प्रोत्साहित करता है, उन्हें यह बताते हुए कि जो कोई भी यीशु पर विश्वास करता है उसे पवित्र आत्मा मिलता है, जैसे कि शिष्यों के पास था, और वह उन्हें साहस से बोलने या कलीसिया और परमेश्वर के लोगों की सेवा करने में मदद करेगा, जिस भी रूप में वे अच्छे हों। जांचकर्ता पहले से ही छोटे बच्चों की मदद करने और दूसरे देशों से नए मित्र बनाने में अच्छा है। एजेंट दीवार पर लटकाने वाली सजावट की चीजों के द्वारा अपना छोटा व्यवसाय बना रहा है और वह हमेशा उत्सुक रहता है और यह पता लगाने की कोशिश करता है कि यह चीजें कैसे काम करती हैं। और उन दोनों ने अब यीशु के जीवन से बहत अद्भुत चीजें देखीं हैं। पवित्र आत्मा की मदद से, वे लोगों को यीशु के बारे में बताने और अपने जीवन में स्वीकार करने के लिए आमंत्रित करने में भी इन सभी चीजों का उपयोग कर सकते हैं!

न्याय

परमेश्वर आपसे बहुत प्रेम करता है, इसलिए उसने आपके लिए अपने बेटे को बलिदान कर दिया कि आपको अनंत जीवन मिल सके! आइए हम दूसरों के लिए अपने आप को समर्पित करते हुए इस प्रेम को प्रदर्शित करें।

जीवनी (मछुआ)



एक मछुआ वह व्यक्ति है जो अपनी जीविका मछली और अन्य जल जन्तुओं को पकड़ कर अर्जित करता है। वे पर्याप्त पकड़ने की कोशिश करते हैं कि वे खुद खा सकें और बेच भी सकें। यह एक ऐसा व्यवसाय है जो मानवता के आरम्भ से ही अस्तित्व में है।

जिम्मेदारियां: मछुआरे समुद्र से मछली पकड़ने जाते हैं और मछली और शंख के साथ लौटते हैं। मछली पकड़ने के दल लोगों के विभिन्न कार्यों और जिम्मेदारियों से बने होते हैं। कई कार्य होते हैं जैसे कि उपकरण संभालना, मार्गनिर्देशन करना, मछलियों को अलग अलग बांटना, उन्हें बर्फ या पात्रों में रखना, कभी-कभी उन्हें छानना (एक ऑक्टोपस को बहुत अच्छी तरह से छान नहीं सकते हैं), और उन्हें बाजार में लाते हैं।

अवसर: मसीही मछुआरे को अपने चालक दल के साथ अच्छी तरह से काम करने का अवसर मिलता है, इस बारे में ईमानदार रहें कि वे कहाँ मछली पकड़ते हैं और क्या पकड़ते हैं, और वे उसकी कीमत जो तय करते हैं उस के बारे में भी निष्पक्ष रहें। वे समुदाय के लिए एक महान सेवा करते हैं क्योंकि मछली कई लोगों के लिए एक मुख्य भोजन है और आमतौर पर बहुत ही किफायती और स्वास्थ्य को बढ़ाने वाला होता है।

प्रश्न और उत्तर

1. क्या सार्वजनिक रूप से प्रचार करना अधिक कठिन है?

यह प्रत्येक व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करेगा। सार्वजनिक रूप से प्रचार करने के लिए, हमें बाइबल पढ़कर और उन विषयों को तैयार करना चाहिए जिनमें लोग रुचि लेते हैं। ऐसे लोग हैं, जिन्हें किसी एक व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से बात करना सार्वजनिक रूप से परमेश्वर के वचन को बांटने की तुलना में अधिक कठिन लगता है। समय के साथ, हम सीखेंगे कि हम सबसे अच्छे तरीके से प्रचार कैसे कर सकते हैं।

2. अगर मैं किसी बात पर पश्चाताप करता तो मैं उसे दोबारा क्यों करता हूं?

हम मनुष्य हैं और हमारे पास ऐसी चीजों से दूर होने की सामर्थ्य नहीं है जो हमें या परमेश्वर को चोट पहुँचाती हैं। हालाँकि, परमेश्वर हमें उन क्षेत्रों में सामर्थ्य दे सकते हैं जहाँ हम कमजोर हैं। हम अभी भी उन कामों को कर सकते हैं जिनके लिए हमने पश्चाताप् किया है, लेकिन थोड़ा-थोड़ा करके, परमेश्वर हमें मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

पहेली जवाब

शब्द खोजो

उ	प्रे	उ	द्धा	र	उ	मा	बा	खो	मा	खो	बा	उ	प्रे	अं	नं	त	प्रे
मा	खो	प्रे	पु	अं	प	भी	प	उ	अं	गं	प्र	मा	पु	उ	खो	अं	उ
प्रे	उ	क्रू	मा	उ	खो	ड्ड	प्रे	उ	मा	प	द	खो	प	अं	मा	प	खु
र	प्रे	प	स	पु	प्र	बा	मा	पु	द्धा	प्रे	अं	शं	खो	उ	पु	शी	प्रे
णा	अं	खो	प्रे	पु	खो	ने	द	शं	क	र	प	पु	क्र	अं	पु	अं	मा
उ	पु	उ	मा	पा	प	प	प्रे	मा	बा	खो	प्रे	पु	मा	प	प्रे	उ	अं
प्र	स्तु	त	अं	प	खो	पु	अं	उ	अं	अ	धि	का	र	खो	उ	पु	धे
उ	खो	अं	उ	प्रे	मा	बा	ड्ड	ब	ल	पु	अं	उ	प्रे	अं	मा	अं	रा
प्रे	पु	न	रू	त्था	न	पु	उ	प्रे	मा	खो	ष	रि	वा	र	पु	उ	प्रे



यीशु के तीन गुणों का वर्णन करें जो हम इस पाठ में देखते हैं।

माफी
प्रेम
दया

जब हम पाप करते हैं और यीशु हमारे जीवन में आता है तो क्या होता है?

लज्जा
परमेश्वर से अलगाव
मृत्यु
परमेश्वर के साथ जुड़ाव

पाठ के अनुसार उन तीन परिणामों को लिखें जो पाप के कारण आता है।

लज्जा
परमेश्वर से अलगाव
मृत्यु

खेल

अपनी एड़ियों को न जाने दें



शिक्षक विद्यार्थियों को तीन या चार पंक्तियों में विभाजित करता है। जब संकेत दिया जाता है, तो प्रत्येक अगुवाई करने वाले खिलाड़ी को अपनी प्रत्येक एड़ी को हाथ से पकड़ना होगा और जब तक वे लक्ष्य तक नहीं पहुंच जाते और अगले खिलाड़ी तक वापस नहीं आ जाते, तब तक उन्हें अपनी एड़ी को पकड़कर चलते रहना होगा। यदि कोई खिलाड़ी अपनी एड़ियों में से किसी को पकड़े नहीं रहता या गिर जाता है, तो उन्हें प्रारंभिक स्थान पर वापस लौटना होगा। पहले स्थान पर आना वाला समूह जीत जाता है।

गृहकार्य

यदि आपको याद है कि आपने हाल ही में किसी से झूठ बोला है, तो उस व्यक्ति तक पहुंचने और उससे माफी मांगने का प्रयास करें।